वर्ष : 34 | अंक : 365 | मुंबई, शनिवार, 14 मार्च 2026 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

- देश भर में गैस कनेक्शन कटने का डर दिखाकर लूट
- मुंबई में 4 दिन में साइबर ठगों ने कई घरों को बनाया निशाना
- गैस कनेक्शन कटने के नाम पर मुंबईकरों के बैंक खाते हो रहे हैं खाली

### APK फाइल भेजकर मोबाइल पर कब्जा

पुलिस के अनुसार ठग फोन कर बताते हैं कि गैस बिल बकाया है और तुरंत भुगतान नहीं किया तो कनेक्शन काट दिया जाएगा। इसके बाद वे "वेरिफिकेशन" के नाम पर एक APK फाइल भेजते हैं और 13 या 21 रुपये का भुगतान करने के लिए कहते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति इस फाइल को डाउनलोड कर भुगतान करता है, ठग मोबाइल का एक्सेस लेकर कुछ ही देर में बैंक खाते से पैसे निकाल लेते हैं। इन दिनों व्हाट्सएप पर 'mahanagar gas.apk' नाम से फाइल भेजी जा रही है, जिसमें संदेश होता है कि शाम तक बिल नहीं भरा गया तो गैस लाइन काट दी जाएगी।

# सावधान! महानगर में 'गैस स्कैम'

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

**ईरान-इजरायल युद्ध के कारण फैली गैस संकट की अफवाहों के बीच मुंबई में साइबर ठगों ने अपना जाल बिछा दिया है। 'महानगर गैस लिमिटेड' (MGL) के नाम पर हो रही इस धोखाधड़ी ने पिछले 4 दिनों में ही मुंबईकरों को 26 लाख 43 हजार रुपये का चूना लगाया है। जबकि पिछले 10 दिनों में अलग-अलग पुलिस थानों में ऐसे कम से कम 10 मामले दर्ज किए गए हैं। ठग खुद को महानगर गैस लिमिटेड (MGL) का अधिकारी बताकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं।**

> किसी भी अज्ञात लिंक या **APK** फाइल पर भरोसा न करें। साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और लोगों को बेहद सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से मोबाइल हैक हो सकता है और बैंक खाते से पैसे निकल सकते हैं।
> **-जयराज रणवरे**, पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक



### बुजुर्ग बन रहे आसान निशाना

मुंबई के विभिन्न इलाकों में साइबर ठगों ने महानगर गैस लिमिटेड (MGL) का कनेक्शन काटने का डर दिखाकर बुजुर्गों और नागरिकों से लाखों रुपये की लूट की है। ठगों ने परेल के 70 वर्षीय रमेश सुराणा से 6.90 लाख, वडाला के 72 वर्षीय विजय चौहान से 8.25 लाख और विले पार्ले के बुजुर्गों शामल सप्रे व शांतनु कर्णिक से क्रमशः 4.36 लाख और 6.99 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। ठगी का तरीका लगभग एक जैसा है, जिसमें पीड़ितों को 'APK फाइल' इंस्टॉल करने या भुगतान के लिए संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने के लिए मजबूर किया जाता है। कांजुरमार्ग के समर चव्हाण (33) से 2.82 लाख और बोरिवली के सतीश अमरगोंड (37) से 4.18 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई है।

### डोंबिवली की महिला से 3 लाख की लूट

गुरुवार को डोंबिवली में साइबर ठगों ने गैस कनेक्शन काटने का डर दिखाकर एक महिला से लगभग 3 लाख रुपये की ठगी की है। ठगों ने स्मिता राणे नामक महिला के पति को एक फर्जी एसएमएस भेजा। संदेश में दावा किया गया था कि फरवरी महीने का बिल सिस्टम में अपडेट नहीं हुआ है और तुरंत प्रक्रिया पूरी न करने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा। खुद को महानगर गैस का प्रतिनिधि बताने वाले ठग ने झांसे में लेकर एक संदिग्ध लिंक भेजा, जिसके माध्यम से पीड़िता के डेबिट और क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी चुरा ली गई। जैसे ही पीड़िता ने ठग द्वारा भेजे गए लिंक पर अपनी बैंकिंग जानकारी भरी, उनके खातों से कुल 2,99,500 रुपये (क्रेडिट कार्ड से 2 लाख और डेबिट कार्ड से 99,500) निकाल लिए गए।

### DBD इंफो: 20 राज्यों में फैला नेटवर्क

दस दिन पूर्व पटना से महाराष्ट्र में महानगर गैस कनेक्शन के नाम पर एपीके फाइल भेज कर ठगी करने वाले 4 साइबर ठग पकड़े गए थे। एनसीआर के जरिए साइबर पुलिस को शिकायत मिली थी, जिसके आधार पर पुलिस ने पटना के रामकृष्ण नगर में छापेमारी की थी। साइबर डीएसपी नीतिश चंद्र धारिया के अनुसार, पकड़े गए साइबर अपराधियों ने पुलिस की पूछताछ में बताया है कि उन्हें इस काम के लिए कमीशन के तौर पर 40 से 45% मिलते थे। अब तक 20 से अधिक राज्यों में ठगी कर चुके हैं। महानगर गैस कनेक्शन के नाम पर ठगी के दौरान लोगों से लोकल मराठी भाषा में बातचीत करते थे।

7 साल की सजा, डेढ़ लाख का जुर्माना

# जबरन धर्मांतरण के खेल पर जेल

**महाराष्ट्र में 'धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026' पेश**

देवेंद्रनाथ जैस्वार | मुंबई

महाराष्ट्र में कथित "लव जिहाद" और संगठित धर्मांतरण के मामलों पर रोक लगाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मंत्री पंकज भोयर ने शुक्रवार को विधानसभा में 'महाराष्ट्र धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026' पेश किया। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाए गए इस विधेयक में लालच, दबाव या धोखाधड़ी के जरिए कराए गए धर्मांतरण को दंडनीय अपराध बनाने का प्रस्ताव है। ऐसे मामलों में अधिकतम 10 वर्ष की सजा और 7 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान रखा गया है।

सरकार का कहना है कि यह कानून महिलाओं, नाबालिगों और कमजोर वर्गों को जबरन धर्मांतरण से बचाने के लिए लाया गया है।

### शादी के नाम पर धर्मांतरण होगा अवैध



विधेयक के अनुसार यदि कोई व्यक्ति विवाह का झांसा देकर या शादी के उद्देश्य से धर्मांतरण करवाता है तो ऐसे विवाह को अदालत द्वारा अमान्य घोषित किया जा सकेगा। हालांकि ऐसे विवाह से जन्मे बच्चों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे। उन्हें मां के मूल धर्म का माना जाएगा और संपत्ति में उनका वैध उत्तराधिकार अधिकार बना रहेगा।

### कड़े दंड का प्रावधान

सरकार द्वारा पेश विधेयक में सख्त सजा के प्रावधान शामिल किए गए हैं। महिला, नाबालिग या एससी/एसटी से जुड़े मामलों में कम से कम 7 साल की जेल और 5 लाख रुपये तक जुर्माना होगा। दोबारा अपराध करने पर 10 साल तक की सजा और 7 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। सभी अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होंगे।

### कई राज्यों में पहले से लागू ऐसे कानून

गौरतलब है कि इससे पहले ओडिशा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड और तमिलनाडु जैसे राज्यों में धर्मांतरण से संबंधित कानून पहले से लागू हैं। महाराष्ट्र में भी हाल के वर्षों में सामने आए मामलों को देखते हुए यह विधेयक लाया गया है।

### आरोपी पर होगी सबूत की जिम्मेदारी

विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि धर्मांतरण के मामले में शिकायत होती है तो यह साबित करने की जिम्मेदारी आरोपी पर होगी कि धर्म परिवर्तन जबरन नहीं कराया गया है। कानून के तहत धर्म परिवर्तन करने से 60 दिन पहले संबंधित जिले के जिलाधिकारी को सूचना देना अनिवार्य होगा। प्रशासन पुलिस के माध्यम से इसकी जांच करेगा और संभावित आपत्तियां भी आमंत्रित की जाएंगी। धर्मांतरण के बाद 21 दिनों के भीतर शपथपत्र दाखिल करना भी आवश्यक होगा, अन्यथा धर्मांतरण अवैध माना जाएगा।

## त्रिभाषा नीति लागू करने की तैयारी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्कूलों में 'त्रिभाषा नीति' लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शिक्षाविद डॉ. नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है।

स्कूली शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने विधानसभा में भाजपा विधायक डॉ. आशीष देशमुख के प्रश्न के उत्तर में बताया कि समिति को 4 फरवरी 2026 तक रिपोर्ट देने की समयसीमा दी गई थी और समिति ने तय समय पर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। मंत्री भुसे ने बताया कि समिति की सिफारिशों को अब मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

# ई-रिक्शा और ई-बाइक के लिए परमिट अनिवार्य

**सरकार ने लागू किए नए नियम**



**मुंबई।** मुंबई सहित महाराष्ट्र में अब ई-रिक्शा और ई-बाइक टैक्सी के लिए परमिट लेना अनिवार्य कर दिया गया है। यह निर्णय राज्य सरकार ने ईंधन आधारित ऑटोरिक्शा और टैक्सियों के नए परमिट जारी करने की प्रक्रिया को अस्थायी रूप से निलंबित करने के बाद लिया है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बताया कि यात्री परिवहन के लिए चलने वाले ई-रिक्शा और ई-बाइक को अब मोटर वाहन विभाग में पंजीकरण कराना और वैध लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

### पहले परमिट की जरूरत नहीं थी

मंत्री सरनाईक के अनुसार अब तक इलेक्ट्रिक रिक्शा (ई-रिक्शा) के लिए अलग से परमिट लेने की आवश्यकता नहीं थी। लेकिन ई-वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए केंद्र सरकार की 2016 की अधिसूचना के आधार पर यात्री परिवहन में एकरूपता लाने के लिए यह निर्णय लिया गया है।




## ब्रीफ न्यूज़

### महाराष्ट्र में चेकपोस्ट बंद करने की प्रक्रिया शुरू : सरनाईक

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में कांग्रेस विधायक नाना पटोले द्वारा उठाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का उत्तर देते हुए परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने राज्य के सभी चेकपोस्ट बंद करने की प्रक्रिया शुरू होने की पुष्टि की है। मंत्री सरनाईक ने स्पष्ट किया कि विभिन्न संगठनों और जनप्रतिनिधियों से मिल रही शिकायतों और केंद्र सरकार के निर्देशों के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है।

### सिलेंडर वाहनों को पुलिस सुरक्षा, गैस आपूर्ति के लिए जिला स्तर पर समितियां

**मुंबई।** ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव के मद्देनजर महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में एलपीजी गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। नागरिक आपूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनिल दिग्गीकर ने निर्देश दिए हैं कि गैस वितरण में किसी भी प्रकार की बाधा को रोकने के लिए आवश्यकतानुसार सिलेंडर वाहनों को पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष समितियां गठित की गई हैं, जो दैनिक आधार पर आपूर्ति श्रृंखला की समीक्षा करेंगी।

# लापता लोगों के बढ़ते मामलों पर एनएचआरसी सख्त

**महाराष्ट्र समेत पांच राज्यों के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी**




**नई दिल्ली/मुंबई।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने देश में लापता लोगों की बढ़ती संख्या और उन्हें तलाशने के कमजोर रिकॉर्ड पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मुद्दे को गंभीर मानवाधिकार समस्या मानते हुए ओडिशा, बिहार, तेलंगाना, महाराष्ट्र और राजस्थान सरकारों को नोटिस जारी किया है।

### दो सप्ताह में मांगी विस्तृत रिपोर्ट

आयोग ने इन पांचों राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) से भी इन राज्यों में लापता लोगों की मौजूदा स्थिति पर रिपोर्ट मांगी गई है।

### अवैध गतिविधियों में फंसने की आशंका

रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि कई लापता बच्चों को भीख मंगवाने, बाल मजदूरी, देह व्यापार और अन्य अवैध गतिविधियों में जबरन लगाया जा रहा है। आयोग ने कहा कि यदि ये तथ्य सही हैं तो यह पीड़ितों के मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। एनएचआरसी ने राज्यों से यह भी पूछा है कि लापता लोगों, खासकर बच्चों के मामलों को रोकने और उन्हें जल्द खोजने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं और भविष्य में क्या योजना बनाई जा रही है।

### बिहार में हर साल हजारों लोग लापता

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2013 से बिहार में हर साल लगभग 12 से 14 हजार लोगों के लापता होने के मामले दर्ज हो रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या बच्चों की है और इनमें से केवल लगभग दो-तिहाई बच्चों को ही बरामद किया जा सका है।

### मानव तस्करी से जुड़े मामलों पर भी चिंता

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक मानव तस्करी के सबसे अधिक मामले ओडिशा, बिहार, तेलंगाना और महाराष्ट्र में दर्ज किए गए हैं। नाबालिग लड़कों की तस्करी के मामलों में ओडिशा सबसे ऊपर है, जबकि नाबालिग लड़कियों की तस्करी के मामलों में राजस्थान पहले स्थान पर है।

**प्रजा फाउंडेशन की रिपोर्ट** > **अंग्रेजी माध्यम में नामांकन 54% बढ़ा**

# बीएमसी स्कूलों में 'अंग्रेजी' का बोलबाला, मराठी-हिंदी से मोहभंग

धीरज सिंह | मुंबई

प्रजा फाउंडेशन द्वारा जारी "मुंबई नगरपालिका की शिक्षा स्थिति 2026" रिपोर्ट में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार बीएमसी स्कूलों में कुल नामांकन में हल्की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन माध्यम के आधार पर छात्रों की पसंद में बड़ा बदलाव देखने को मिला है।



### अंग्रेजी माध्यम की ओर झुकाव

पिछले एक दशक में बीएमसी के मराठी माध्यम स्कूलों में छात्रों की संख्या में 34 प्रतिशत और हिंदी माध्यम स्कूलों में 39 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

### नामांकन बढ़ा, लेकिन प्रतिधारण दर चिंता का विषय

रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2019-20 में बीएमसी स्कूलों में नामांकित छात्रों का अनुपात 36 प्रतिशत (2,98,215) था। यह आंकड़ा 2021-22 में बढ़कर 42 प्रतिशत (3,18,002) हो गया और 2024-25 में 44 प्रतिशत (3,10,085) पर स्थिर रहा। हालांकि छात्रों को स्कूल में टिकाए रखने की चुनौती बनी हुई है।

# वर्दी पर हाथ डालना पड़ा भारी

## ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी से मारपीट करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | भाईंदर

मीरा-भाईंदर क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात एक यातायात पुलिसकर्मी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मीरा-भाईंदर वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय (एमबीवीवी) के यातायात विभाग में तैनात सिपाही किरण शहाणे के साथ कुछ लोगों ने कथित रूप से हमला कर दिया। इस मामले में काशीमीरा पुलिस थाना ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### चार आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश

घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कांबले के निर्देश पर युसूफ राईन, सरफराज, नायब और अब्दुल्ला समेत अन्य 7–8 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



### 'वर्दी का सम्मान हर नागरिक की जिम्मेदारी'

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस पर हमला करना या वर्दी का अपमान करना सिर्फ कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि समाज की व्यवस्था के लिए भी खतरा है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जरूरी है ताकि कानून और व्यवस्था की गरिमा बनी रहे।

### पुलिसकर्मी पर हमला, वर्दी फाड़ी

बताया जाता है कि चार युवक चौकी में घुस गए और तस्लीम को पीटते हुए बाहर ले आए। बीच-बचाव करने पहुंचे सिपाही किरण शहाणे पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया और उनकी वर्दी तक फाड़ दी। इस दौरान वहां मौजूद महिला पुलिसकर्मी के साथ भी आरोपियों ने बदसलूकी की और अश्लील भाषा का इस्तेमाल किया।

### दहिसर चेक नाका के पास हुआ विवाद

पुलिस के अनुसार 12 मार्च की शाम दहिसर चेक नाका के पास अमर पैलेस के सामने दो बाइक सवार — युसूफ राईन और तस्लीम खान — आपस में झगड़ रहे थे। मौके पर मौजूद पुलिस सिपाही किरण शहाणे ने दोनों को शांत कराने की कोशिश की और उन्हें पास की बिट चौकी ले गए। बिट चौकी के पास पहुंचने के बाद भी युसूफ राईन ने तस्लीम खान के साथ मारपीट जारी रखी। स्थिति को देखते हुए पुलिस सिपाही ने तस्लीम को चौकी में बंद कर दिया। इसी दौरान युसूफ ने अपने साथियों को फोन कर बुला लिया और थोड़ी ही देर में 10–15 युवक वहां जमा हो गए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### श्मशान घाटों पर अवैध वसूली के खिलाफ 'प्रहार'




उल्हासनगर। उल्हासनगर में श्मशान घाटों पर अंतिम संस्कार के नाम पर कथित अवैध वसूली के खिलाफ प्रहार जनशक्ति पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी की शिकायत के बाद मनपा प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए विभिन्न श्मशान घाटों पर आधिकारिक सूचना बोर्ड लगा दिए हैं, ताकि नागरिकों को सही जानकारी मिल सके। पार्टी पदाधिकारी शरद पोलके ने आरोप लगाया था कि शहर के श्मशान घाटों में लकड़ी और अन्य सुविधाओं के नाम पर मृतकों के परिजनों से अवैध रूप से पैसे वसूले जा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब श्मशान घाट का संचालन करने वाले ट्रस्ट को लकड़ी के लिए पहले से मनपा द्वारा भुगतान किया जाता है, तो फिर नागरिकों से अलग से पैसा क्यों लिया जा रहा है। शिकायत के बाद मनपा प्रशासन ने श्मशान घाटों में नियमों की जानकारी देने वाले आधिकारिक बोर्ड लगा दिए हैं। इन बोर्डों के जरिए अंतिम संस्कार से जुड़ी सुविधाओं और शुल्क संबंधी जानकारी स्पष्ट की गई है, जिससे अवैध वसूली पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। प्रहार जनशक्ति पार्टी ने कहा है कि सूचना बोर्ड लगाए जाने से अवैध वसूली पर कुछ हद तक रोक लगी है, लेकिन यदि भविष्य में ऐसी शिकायतें फिर सामने आईं तो पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी।

### बुर्का पहनकर कार में लगाई आग, 12 घंटे में आरोपी गिरफ्तार



उल्हासनगर। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के शहर संघटक मैनुद्दीन शेख की कार को अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाने की घटना सामने आई है। मनसे कार्यालय के बाहर खड़ी इनोवा कार पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई थी। 10 मार्च की सुबह करीब 4 बजे एक व्यक्ति बुर्का पहनकर मनसे कार्यालय के सामने पहुंचा। उसने अपनी पहचान छिपाते हुए बोतल में लाया हुआ पेट्रोल कार पर डाला और आग लगा दी। घटना के बाद वह मौके से फरार हो गया। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और मुखबिरों की मदद से आरोपी की पहचान कर ली। जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी पवन गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि आरोपी पहले से तड़ीपार था और उसने पुराने विवाद के चलते इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां न्यायाधीश ने उसे एक दिन की पुलिस हिरासत में भेजा। बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# घूमने-फिरने और मौज-मस्ती के लिए करते थे वाहन चोरी

**नेरुल पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार**



डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नेरुल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 11 मोटरसाइकिल और 5 ऑटो रिक्शा समेत कुल 16 वाहन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। यह जानकारी सहायक पुलिस आयुक्त मयूर भुजबळ ने दी।

### 16 वाहन चोरी के मामलों का खुलासा

पुलिस की इस कार्रवाई से नवी मुंबई के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज 16 वाहन चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। जांच के दौरान पुलिस ने इमरान शफीक शेख (18), निवासी कोपरी गांव झोपड़पट्टी, वाशी (मूल निवासी साहेबगंज, झारखंड) और सूरजकुमार राजन प्रसाद (28), निवासी झोरा गार्डन, सेक्टर-7, खारघर को गिरफ्तार किया।

### कई पुलिस थानों के मामले सुलझे

इस कार्रवाई से नेरुल, खारघर, कामोठे, कलंबोली और तळोजा पुलिस थानों में दर्ज कई वाहन चोरी के मामलों का पर्दाफाश हुआ है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अजय कांबले, पुलिस निरीक्षक (अपराध) पंकज धाडगे और पुलिस निरीक्षक (प्रशासन) संजय लाड के मार्गदर्शन में अपराध प्रकटीकरण पथक ने की। टीम में पुलिस उपनिरीक्षक तुषार बच्छाव, आकाश ठाकरे सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# मुंब्रा में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई

**सड़क हादसों को रोकने के लिए विशेष अभियान**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

मुंब्रा क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। ट्रैफिक वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अतुल आहेर के नेतृत्व में नियम तोड़ने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### मुंब्रा बाइपास रोड पर भी कड़ी निगरानी

इसके साथ ही मुंब्रा बाइपास रोड पर भी ट्रैफिक पुलिस की विशेष नजर रखी जा रही है। यह मार्ग तेज रफ्तार वाहनों और बार-बार होने वाले हादसों के कारण संवेदनशील माना जाता है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यहां नियमित चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### एम.एम. वैली रोड पर स्टंटबाजी करने वालों पर नजर



पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि एम.एम. वैली रोड पर कुछ युवक देर रात तेज रफ्तार में बाइक चलाते हैं और खतरनाक स्टंट करते हैं। इससे आम नागरिकों की जान को खतरा पैदा हो रहा है। शिकायतों के बाद पुलिस ने इस इलाके में विशेष निगरानी शुरू कर दी है।

### नियम तोड़ने वालों पर चालान और वाहन जब्ती

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अतुल आहेर ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सड़क पर स्टंट करने या लापरवाही से वाहन चलाने वाले युवकों पर चालान, वाहन जब्ती और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


# मीरा-भाईंदर में पानी की कमी बनी चुनौती

**महापौर ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

डीबीडी संवाददाता | भाईंदर

मीरा भाईंदर शहर तेजी से विकसित हो रहा है और यहां आधुनिक सुविधाएं भी बढ़ रही हैं, लेकिन इसके बावजूद शहरवासी पानी की कमी से परेशान हैं। हर महीने दो से चार बार पानी की किल्लत पैदा हो जाती है, जिससे लोगों को टैंकर और टेम्पो से महंगा पानी खरीदना पड़ता है।

### तकनीकी खराबी से और बढ़ती परेशानी



कई बार अचानक शटडाउन या तकनीकी खराबी होने पर पानी की आपूर्ति 48 घंटे तक बाधित हो जाती है। इससे शहर में पानी की समस्या और गंभीर हो जाती है और नागरिकों को वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ती है। शहर की भविष्य की पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए महत्वाकांक्षी सूर्या बांध परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। बैठक में महापौर ने अधिकारियों से कहा कि जब तक यह परियोजना पूरी नहीं हो जाती, तब तक एमआईडीसी और स्टेम प्राधिकरण महानगरपालिका को स्वीकृत कोटे के अनुसार पानी उपलब्ध कराएं।

### बैठक में कई अधिकारी रहे मौजूद

इस बैठक में नगर आयुक्त राधा बिनोद शर्मा, उपमहापौर ध्रुवकिशोर पाटिल, स्थायी समिति अध्यक्ष हसमुख गहलोत, शहर अभियंता दीपक खांबित और कार्यकारी अभियंता शरद नानेगांवकर सहित एमआईडीसी और स्टेम प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद थे।

### महापौर की अध्यक्षता में अहम बैठक

नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए महापौर डिंपल मेहता की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक नरेंद्र मेहता की प्रमुख उपस्थिति रही। इस दौरान महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) और स्टेम प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ शहर में जल आपूर्ति की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।

### कोटे के अनुसार पानी देने के निर्देश

बैठक में महापौर ने गर्मी के मौसम में बढ़ी मांग को देखते हुए अधिकारियों को न्यूनतम स्वीकृत कोटे के अनुसार तुरंत पानी की आपूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए। एमआईडीसी और स्टेम प्राधिकरण के अधिकारियों ने इन निर्देशों को लागू करने पर सहमति जताई, जिससे आने वाले समय में नागरिकों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

### 211 एमएलडी स्वीकृत, लेकिन मिल रहा कम पानी


महानगरपालिका को कुल 211 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) पानी का कोटा स्वीकृत है, जिसमें एमआईडीसी से 125 एमएलडी और स्टेम प्राधिकरण से 86 एमएलडी पानी मिलना चाहिए। लेकिन वास्तविकता में नगर निगम को केवल 193 एमएलडी पानी ही मिल पाता है, जिसमें एमआईडीसी से 110 एमएलडी और स्टेम से 83 एमएलडी की आपूर्ति होती है।

# 24 घंटे में घरफोड़ी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

कलंबोली इलाके में हुई घरफोड़ी की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से करीब 36 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार पृथ्वी बिल्डिंग में रहने वाली रूबी संतोष पात्रो (49) 9 मार्च 2026 को शाम 4:30 से 6:00 बजे के बीच घर से बाहर थीं। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर के मुख्य लकड़ी के दरवाजे का लैच तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब 30 तोला सोने-चांदी के आभूषण व नकदी समेत लगभग 36 लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया।

### क्राइम ब्रांच ने शुरू की त्वरित जांच



घटना की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच यूनिट-2 की टीम ने तुरंत घटनास्थल का निरीक्षण किया। मुखबिरों से मिली जानकारी और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू की। पुलिस ने 10 मार्च को डायघर गांव इलाके में जाल बिछाकर पवन रोहिदास जाधव (25), सुमित रोहिदास जाधव (22) और शिवाजी जगन राठोड़ (23) को गिरफ्तार कर लिया।

**36 लाख के गहने बरामद**

जांच के दौरान आरोपियों के पास से चोरी किए गए करीब 36 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए। अदालत ने तीनों आरोपियों को 13 मार्च 2026 तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्रवाई

यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे, सह पुलिस आयुक्त संजय येनपुरे, अपर पुलिस आयुक्त दीपक साकोरे और पुलिस उपायुक्त सचिन गुंजाळ के मार्गदर्शन में की गई। सहायक पुलिस आयुक्त प्रेरणा कट्टे के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पाटील और क्राइम ब्रांच यूनिट-2 की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

# 25 वर्षीय युवती लापता गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

वागले एस्टेट इलाके से 25 वर्षीय प्रियंका विश्वनाथ केवट के लापता होने की खबर सामने आई है। प्रियंका, जो अंबेवाड़ी स्थित गुलाब किराना स्टोर्स (शिवसेना शाखा के पास, रोड नंबर 22) की निवासी हैं, के संबंध में वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन में आधिकारिक गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर ए.आर. कांबले ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस प्रशासन और परिजन प्रियंका की सुरक्षित वापसी के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं और स्थानीय स्तर पर सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

### पुलिस ने जारी किया हुलिया



लापता महिला की पहचान के लिए पुलिस ने उनका विवरण साझा किया है। प्रियंका का रंग गोरा, चेहरा गोल, आंखें काली और नाक सीधी है। उनकी लंबाई लगभग 5 फीट 2 इंच है और बाल लंबे काले हैं। लापता होने के समय उन्होंने पीले फूलों की कढ़ाई वाली पंजाबी ड्रेस पहनी थी और काली पगड़ी बांधी हुई थी। पुलिस ने अपील की है कि यदि किसी भी नागरिक को इस हुलिए वाली महिला के बारे में कोई जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन से संपर्क करें ताकि उन्हें उनके परिवार तक पहुँचाया जा सके।

# पाइप सप्लाई के नाम पर 4.24 करोड़ की ठगी

**तीन आरोपियों पर मामला दर्ज**

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर में अच्छी क्वालिटी के पाइप देने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। ठेकेदार निकी अशोकलाल खुबचंदानी (42) की शिकायत पर मध्यवर्ती पुलिस स्टेशन में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों में एक महिला भी शामिल है।

### दिल्ली की ट्रेडिंग कंपनी बताकर किया संपर्क




शिकायत के अनुसार जून 2023 से 3 अप्रैल 2024 के बीच विकास प्रविणकुमार जैन (38), अंकुर प्रविणकुमार जैन (36) और आस्था जैन, निवासी विवेक विहार फेज-1, दिल्ली ने खुद को एच.सी. पाइप्स प्रा.लि. और एच.सी. पाइप्स एंड वाल्व्स ट्रेडिंग कंपनी का मालिक बताकर ठेकेदार से संपर्क किया। उन्होंने शहर में चल रहे अमृत योजना के तहत ड्रेनेज लाइन बिछाने के काम के लिए डीआई और एमएस पाइप्स समय पर और अच्छी गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला**

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 409, 420 और 34 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक विठ्ठल बढ़े कर रहे हैं।

### शुरुआत में भेजा सामान, फिर लिया बड़ा एडवांस

आरोप है कि शुरुआत में आरोपियों ने ऑर्डर के अनुसार पाइप और अन्य सामान समय पर भेजा, जिससे ठेकेदार का विश्वास जीत लिया। इसके बाद सरकारी काम समय पर पूरा करने के नाम पर आरोपियों ने 4 करोड़ 23 लाख 83 हजार 343 रुपये एडवांस के तौर पर अपने खातों में ले लिए, लेकिन इसके बाद पाइप की सप्लाई बंद कर दी। पाइप की सप्लाई बंद होने के कारण ठेकेदार का काम रुक गया और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। ठेकेदार ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने जानबूझकर विश्वास हासिल कर धोखाधड़ी की।

# अवैध संबंध के शक में युवक की हत्या

**शिल-डायघर पुलिस ने 4 घंटे में आरोपी को पकड़ा**

**धान के खेत में मिला था शव**

**ठाणे।** शिल-डायघर क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार 8 मार्च 2026 सुबह 10 बजे से 10 मार्च 2026 सुबह 11:40 बजे के बीच पिंपरी गांव, डायघर स्थित सर्वे नंबर 69 के धान के खेत में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ था।

### मृतक की पहचान वेटर के रूप में हुई

मृतक की पहचान प्रकाश बिसा (40), निवासी हसनगंज, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। वह महापे, नवी मुंबई स्थित "साई प्रसाद स्नैक्स सेंटर" में वेटर के रूप में काम करता था। इस मामले में होटल मालिक जितेंद्र उत्तम पाटील की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया।

### पुलिस ने बनाई दो विशेष टीमें

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्रीराम पोल के नेतृत्व में दो विशेष टीमों का गठन किया गया। गुप्त सूचना, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध रामराव दासु जाधव (39), निवासी शिलगांव, ठाणे को हिरासत में लिया।

### पत्नी के संबंध के शक में की हत्या




पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसे अपनी पत्नी शोभाबाई जाधव और मृतक प्रकाश बिसा के बीच अवैध संबंध होने का शक था। इसी शक के चलते उसने प्रकाश बिसा को शराब पीने के बहाने पिंपरी गांव के खेत में बुलाया और लोहे के हथौड़े से उसके सिर पर वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया लोहे का हथौड़ा भी बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

### वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्रवाई

यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त सुभाषचंद्र बुरसे, सहायक पुलिस आयुक्त प्रिया डमाले और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्रीराम पोल के मार्गदर्शन में की गई। इस अभियान में पुलिस निरीक्षक गजेंद्र राऊत, प्रशांत खरात, अनिल राजपूत, योगेश लामखडे, शहाजी शेळके, संतोष चव्हाण, अजय तिडके और अर्जुन जुवाटकर सहित अन्य पुलिसकर्मियों की टीम शामिल रही।

# एमएमआर में पार्किंग के लिए बनेगी नई नीति

**90 दिनों में रिपोर्ट देगी समिति**

## ● सरकार ने की नई नीति बनाने की घोषणा

दीपक पवार | मुंबई

मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में बढ़ती वाहन संख्या और पार्किंग की समस्या को देखते हुए राज्य सरकार नई पार्किंग नीति तैयार करेगी। इस संबंध में घोषणा कैबिनेट मंत्री उदय सामंत ने विधान परिषद में की। मंत्री सामंत ने बताया कि राज्य के नगर विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति बनाई जाएगी। इस समिति में एमएमआरडीए क्षेत्र के सभी विधायकों को शामिल किया जाएगा। समिति को 90 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपने के निर्देश दिए जाएंगे।



### विधायकों ने उठाया था मुद्दा

विधान परिषद में भाजपा विधायक निरंजन डावखरे और प्रवीण दरेकर ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए ठाणे सहित एमएमआर क्षेत्र में पार्किंग के लिए ठोस नीति बनाने की मांग उठाई थी। इसके जवाब में सरकार ने समिति बनाने का फैसला किया। सरकार की योजना के तहत ठाणे में गडकरी रंगायतन, शाहू मार्केट और वागले एमआईडीसी में बहुमंजिला पार्किंग सुविधा विकसित की जा रही है। इन परियोजनाओं के जरिए कुल 2,085 वाहनों के लिए पार्किंग उपलब्ध होगी और इनका काम वर्ष 2027 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री सामंत ने बताया कि फिलहाल ठाणे में रेलवे स्टेशन के पास गांवदेवी मार्केट, गांवदेवी मैदान, Viviana Mall, अशर पार्किंग और कशिशि पार्क में कुल 2,152 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध है।

### ठाणे में बनेंगे दो ट्रक टर्मिनल

सरकार के संशोधित विकास प्रारूप के अनुसार वर्ष 2046 की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ठाणे में 7.71 हेक्टेयर क्षेत्र में दो ट्रक टर्मिनल बनाए जाएंगे। साथ ही शहर में 55 स्थानों पर पार्किंग आरक्षण का प्रस्ताव सितंबर 2025 में सरकार को प्राप्त हुआ है, जिसे जल्द मंजूरी देने की प्रक्रिया चल रही है। बहस के दौरान विधायक निरंजन डावखरे ने कहा कि उन्हें भी यह जानकारी नहीं है कि ट्रक टर्मिनल कहां बनाए जाएंगे। इस पर मंत्री उदय सामंत ने कहा कि ठाणे महानगरपालिका को निर्देश दिए जाएंगे कि पार्किंग योजना बनाते समय संबंधित विधायकों को पूरी जानकारी दी जाए।

# विदेशी निवेश लाने में महाराष्ट्र देश में सबसे आगे

## विधानसभा में उद्योग मंत्री डॉ. उदय सामंत ने किया दावा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

विधानसभा के दौरान उद्योग मंत्री डॉ. उदय सामंत ने कहा कि विदेशी निवेश आकर्षित करने के मामले में महाराष्ट्र देश के सभी राज्यों से आगे है। उन्होंने बताया कि राज्य लगातार तीन वर्षों से सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त कर रहा है। मंत्री ने बताया कि विश्व आर्थिक मंच, दावोस में वर्ष 2026 के दौरान महाराष्ट्र के लिए 31 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन समझौतों के माध्यम से राज्य में बड़े पैमाने पर विदेशी निवेश आने की उम्मीद है।

डॉ. सामंत ने कहा कि इस वर्ष किए गए निवेश समझौते केवल महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) तक सीमित नहीं हैं। इसके अलावा मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) और महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) के माध्यम से भी बड़े निवेश समझौते किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उद्योग विभाग के जरिए 15.15 लाख करोड़ रुपए, एमएमआरडीए के जरिए 15.10 लाख करोड़ रुपए और एमएसआरडीसी के जरिए 1 लाख करोड़ रुपए के अनुबंध किए गए हैं। उद्योग मंत्री ने कहा कि अन्य राज्यों में समझौतों को लागू करने की दर लगभग 35 से 40 प्रतिशत रहती है, जबकि महाराष्ट्र में वर्ष 2022 से यह दर बढ़कर 75 से 80 प्रतिशत तक पहुंच गई है।



### एमआईडीसी जमीन पर झुग्गियों के पुनर्वास की तैयारी

उद्योग मंत्री ने कहा कि एमआईडीसी की जमीन पर बनी झुग्गियों के पुनर्वास के लिए अलग नीति लाने की तैयारी चल रही है। इसके तहत महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम क्षेत्रों में एसआरए जैसी नीति लागू करने की योजना है, जिस पर अगले दो महीनों में निर्णय लिया जा सकता है। इससे वर्षों से वहां रहने वाले परिवारों को पुनर्वास और आवास उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

### मुंबई में सड़कों के विकास का काम जारी

उन्होंने बताया कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका के फिक्स्ड डिपॉजिट का उपयोग शहर के विकास कार्यों में किया जा रहा है। अब तक मुंबई में 1,048 सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिनकी कुल लंबाई 278.83 किलोमीटर है। पहले चरण का लगभग 54 प्रतिशत और दूसरे चरण का 56 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

### मीठी नदी परियोजना में अनियमितताओं की जांच

मंत्री ने बताया कि मीठी नदी परियोजना में कुछ अनियमितताएं सामने आने के बाद जांच शुरू की गई है। जांच में लगभग 65 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का पता चला है और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पारदर्शिता के लिए 380 करोड़ रुपए का टेंडर रद्द कर नया टेंडर जारी करने का निर्णय लिया गया है।

# अनाथ छात्रों के लिए खुलेंगे 40 मार्गदर्शन केंद्र

## अनाथ छात्रों की छात्रवृत्ति संबंधी समस्याएं जल्द होंगी दूर: चंद्रकांत पाटिल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

विधानसभा के दौरान उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत दादा पाटिल ने कहा कि राज्य में अनाथ छात्रों को छात्रवृत्ति मिलने में आ रही दिक्कतों को जल्द दूर किया जाएगा।

उन्होंने यह जानकारी भाजपा विधायक योगेश सागर और अतुल भातखलकर द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में दी। मंत्री ने बताया कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनाथ छात्रों को राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज एजुकेशन फीस स्कॉलरशिप स्कीम का लाभ दिलाने में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। राज्य सरकार ने अनाथ छात्रों के लिए शिक्षा और सरकारी नौकरियों में 1 प्रतिशत समानांतर आरक्षण लागू किया है। इस आरक्षण के माध्यम से कई अनाथ छात्रों को उच्च शिक्षा और सरकारी सेवाओं में अवसर मिल रहे हैं।



### महाडीबीटी पोर्टल पर नया विकल्प जोड़ा जाएगा

मंत्री ने बताया कि फिलहाल स्कॉलरशिप पोर्टल पर अनाथ छात्रों के लिए अलग विकल्प उपलब्ध नहीं है। इसे दूर करने के लिए महाडीबीटी पोर्टल में नया विकल्प जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अनाथ छात्रों को छात्रवृत्ति और अन्य योजनाओं की जानकारी देने के लिए राज्य में करीब 40 मार्गदर्शन केंद्र शुरू करने की योजना बनाई गई है। साथ ही छात्रों के आवेदन पर तीन सप्ताह के भीतर निर्णय लेने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### फीस वसूली करने वाले कॉलेजों पर होगी कार्रवाई

मंत्री ने कहा कि कई कॉलेजों में 50 प्रतिशत फीस माफी या छात्राओं के लिए 100 प्रतिशत फीस माफी के बावजूद प्रवेश के समय फीस लेने की शिकायतें मिल रही हैं। ऐसे मामलों में संबंधित शिक्षण संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक कॉलेज में छात्रवृत्ति प्रक्रिया की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। सीईटी प्रवेश प्रक्रिया के दौरान छात्रों द्वारा जमा किए गए दस्तावेज छात्रवृत्ति आवेदन के लिए भी मान्य होंगे। इससे छात्रों को दोबारा दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

# 2025 में राज्य के 41 बाघों की मौत



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में वर्ष 2025 के दौरान विभिन्न कारणों से 41 बाघों की मौत हुई है। यह जानकारी वन मंत्री गणेश नाईक ने विधान परिषद में एक सवाल के लिखित जवाब में दी। वन मंत्री के अनुसार वर्ष 2025 में पूरे देश में कुल 166 बाघों की मौत दर्ज की गई, जिनमें महाराष्ट्र के 41 बाघ भी शामिल हैं। नाईक ने बताया कि बाघों के भ्रमण मार्ग और महत्वपूर्ण स्थानों पर कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं, जिनकी मदद से संदिग्ध गतिविधियों और वन्यजीवों की हलचल पर नजर रखी जाती है। अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में विशेष व्याघ्र संरक्षण दल के माध्यम से नियमित गश्त की जाती है। इसके अलावा डॉग स्क्वायड की मदद से भी शिकारियों की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है।

### एआई और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल

वन मंत्री ने बताया कि हिंसक जानवरों के हमलों को रोकने और वन्यजीव संरक्षण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और आधुनिक तकनीक का भी बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है। वन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले लोगों की जंगल पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन-वन विकास योजना लागू की है। इस संबंध में विधान परिषद के निर्दलीय सदस्य सत्यजीत तांबे, भाजपा विधायक परिणय फुके और निरंजन डावखरे ने सरकार से लिखित सवाल पूछा था।

# महाराष्ट्र में बनेगी नई मोबाइल टावर पॉलिसी


## ● अनधिकृत टावरों का होगा सर्वे

देवेंद्रनाथ जैस्वार | मुंबई

महाराष्ट्र में मोबाइल नेटवर्क व्यवस्था को बेहतर बनाने और नियमों को स्पष्ट करने के लिए राज्य सरकार नई मोबाइल टावर पॉलिसी तैयार करने की दिशा में काम कर रही है। इस संबंध में जानकारी उद्योग मंत्री उदय सामंत ने विधानसभा में दी।

मंत्री सामंत ने बताया कि केंद्र सरकार की नीति और राज्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अलग मोबाइल टावर नीति बनाने का अध्ययन किया जा रहा है। इस विषय पर जल्द ही आईटी विभाग के प्रधान सचिव के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

सरकार राज्य में मौजूद अनधिकृत मोबाइल टावरों का सर्वेक्षण भी कराएगी। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि कितने टावर बिना अनुमति के संचालित हो रहे हैं और उनके खिलाफ आगे क्या कार्रवाई की जानी चाहिए। मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार के नियमों और आईटी विभाग के निर्देशों के अनुसार मोबाइल टावरों पर कार्रवाई करने से पहले कुछ जरूरी प्रक्रियाओं का पालन करना होगा। टावर सील करने से पहले अनुमति लेना आवश्यक होगा और बिजली आपूर्ति बंद करने के लिए आईटी विभाग की मंजूरी जरूरी होगी। साथ ही संपत्ति कर या अन्य कार्रवाई करने से पहले भी आईटी विभाग के प्रधान सचिव की पूर्व अनुमति लेनी होगी। इस संबंध में प्रशासन को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं।



### विवादित टावरों की रिपोर्ट मांगी जाएगी

मंत्री सामंत ने कहा कि जिन स्थानों पर स्ट्रक्चरल ऑडिट के बाद भी मोबाइल टावरों को लेकर विवाद या समस्या है, उन सभी मामलों की विस्तृत रिपोर्ट आईटी विभाग के प्रधान सचिव को भेजने के निर्देश दिए जाएंगे।

### जल्द होगी उच्चस्तरीय बैठक

**उन्होंने बताया कि लंबित नोटिस और टावरों से जुड़े विवादों को लेकर स्पष्टता लाने के लिए आईटी विभाग के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में संबंधित विभागों की जल्द बैठक बुलाई जाएगी। सरकार का उद्देश्य केंद्र सरकार की नीति का अध्ययन कर राज्य के विकास के अनुरूप नई और स्पष्ट नीति तैयार करना है।**

# वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव करने वाला आरोपी कुछ ही घंटों में गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंकने की घटना सामने आई है। 13 मार्च 2026 को ट्रेन संख्या 22223 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से साईनगर शिर्डी रेलवे स्टेशन जा रही थी। इसी दौरान ठाकुर्ली रेलवे स्टेशन और कल्याण रेलवे स्टेशन के बीच एक अज्ञात व्यक्ति ने ट्रेन पर पत्थर फेंक दिए, जिससे कोच सी-1, सी-3, सी-4 और सी-7 के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कल्याण और क्राइम इंटेलिजेंस ब्रांच (सीआईबी) कल्याण की संयुक्त टीम ने इलाके में तलाशी अभियान चलाया। टीम ने पतरी पुल, कल्याण के पास संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया।



### आरोपी ने कबूल किया जुर्म

पूछताछ में आरोपी सनी कांबले (23), निवासी पुणे ने ट्रेन पर पत्थर फेंकने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि गांजा के नशे में वह रेलवे ट्रैक के पास पहुंचा और यात्रियों को डराने के इरादे से अलग-अलग डिब्बों पर पत्थर फेंक दिए। इस मामले में रेलवे सुरक्षा बल के कल्याण थाने में सीआर संख्या 1029/2026 के तहत रेलवे अधिनियम की धारा 153 और 147 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

# विदेश में नौकरी के नाम पर युवाओं को बना रहे ‘साइबर गुलाम’

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत ठुकराई**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने विदेश में नौकरी का लालच देकर युवाओं को साइबर अपराध में धकेलने वाले मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी और एस. सी. चंदक की खंडपीठ ने कहा कि यह अपराध बेहद गंभीर है और समाज के भविष्य के लिए घातक साबित हो सकता है।



### आरोपी की दलीलें खारिज

मार्च 2024 से जेल में बंद आरोपी ने अदालत में दावा किया कि पीड़ितों को नौकरी के कॉन्ट्रैक्ट दिए गए थे और वे अपनी इच्छा से विदेश गए थे। उसने खुद पर लगे गुलामी और मानव तस्करी के आरोपों को गलत बताया। हालांकि अदालत ने इन दलीलों को स्वीकार नहीं किया और कहा कि युवाओं को वैध रोजगार का झूठा आश्वासन देकर विदेश भेजना स्पष्ट रूप से धोखाधड़ी और मानव तस्करी की श्रेणी में आता है।

### क्या है पूरा मामला

मामले में आरोपी जेरी फिलिप्स जैकब पर आरोप है कि उसने कई शिक्षित युवाओं को विदेशी कंपनियों में आकर्षक और वैध नौकरी का झांसा दिया। जब ये युवक विदेश पहुंचे तो उन्हें बंधक बनाकर अन्य देशों के लोगों के साथ साइबर धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया गया। अदालत ने माना कि आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया मानव तस्करी का मामला बनता है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पीड़ितों को नौकरी की वास्तविक प्रकृति के बारे में पूरी तरह अंधेरे में रखा गया था। न्यायालय के अनुसार यह अत्यंत गंभीर अपराध है, जिसमें पीड़ितों को अवैध तरीके से दूसरों को ठगने के लिए मजबूर किया गया।

**पश्चिम रेलवे**

**अल्ट्रा सोनिक परीक्षण**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण), मुंबई सेंट्रल, पश्चिम रेलवे **ई-निविदा संख्या: BCT/25-26/340, दिनांक 10.03.2026** आमंत्रित करते हैं। **कार्य एवं स्थान:** चर्चगेट – विरार सेक्शन में, आरडीएसओ द्वारा जारी भारतीय रेलवे की अल्ट्रा सोनिक परीक्षण (रेल/वेल्ड) मानक विशिष्टता (अस्थायी), संशोधित 2022 के अनुसार रेल वेल्ड का परीक्षण कार्य, जो कि पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल के चर्चगेट–विरार खंड में किया जाएगा। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹9,80,759.70, **ईएमडी :** ₹19,600/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** 07.04.2026 को 15:00 बजे तक निविदा **खोलने की तिथि व समय:** 07.04.2026 को 15:30 बजे निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1213

Like us on: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**वार्षिक रखरखाव**

**खुली ई-निविदा सूचना क्र. 03/2026 dated 11.03.2026।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कोचिंग), मध्य रेल, छ. शि. म. ट. मुंबई वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** के माध्यम से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का विवरण:** मध्य रेलके रूफ माउंटेड एसी कोचेंस मे लगे मैसर्स सीमेन्स मेक के 25 केवी इन्वर्टर का वार्षिक रखरखाव का कार्य तीन साल की अवधि के लिए ठेके पर देने हेतू। **(निविदा क्र. BB.LG.W. CSMT.2024.08 R) कार्य की औसत लागत:** ₹ 2,32,28,610.93, **ईएमडी :** ₹ 2,66,200/-, **कालाबधी :** 60 दिन। **समापन अवधि:** 36 माह। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 03.04.2026 13 बजे। **अनुदेश:** (1) उपर्युक्त निविदा कि बंद होने कि तिथि एवं समय के बाद खोली जाएगी। (2) भावी निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि निविदा के सम्पूर्ण विवरण एवं शुद्धीपत्र, यदि कोई हो तो, की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। (3) निविदाकर्ता वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से केवल ऑनलाइन निविदा प्रणाली से ही भाग ले सकते हैं एवं मेनुअल रूप से निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। (4) आगे कि अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कोचिंग) मध्य रेल, एनेक्स बिल्डिंग, प्रथम तल, मुंबई छ.शि.म.ट. - 400001 से संपर्क कर सकते हैं। (5) यह निविदा, सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है, जो औद्योगिक संबर्धन और नीति विभाग, वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी कि जाती है उसे रेल्वे बोर्ड पत्र क्र. 2015/आरएस (जी)/779/5 दि. 03.08.2017 और 27.12.2017 द्वारा प्रसारित किया गया है।

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है 066

# गैस संकट का 'बागुलबुवा' खड़ा कर रहा उबाठा और कांग्रेस: बन

देवेंद्रनाथ जैस्वार | मुंबई

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नवनाथ बन ने आरोप लगाया कि गैस संकट के नाम पर विपक्षी नेता जनता में अनावश्यक घबराहट फैलाने की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संजय राऊत और विपक्षी दल गैस और ईंधन संकट का 'बागुलबुवा' यानी हव्वा खड़ा कर लोगों में डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। बन शुक्रवार को मुंबई स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार परिषद में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ईरान और इज़राइल के बीच युद्ध का असर दुनिया के कई देशों पर पड़ा है, लेकिन इसके बावजूद भारत में स्थिति नियंत्रण में है। बन के अनुसार केंद्र सरकार कच्चे तेल की आपूर्ति बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। भाजपा प्रवक्ता ने बताया कि देश में प्रतिदिन लगभग 50 लाख गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए कच्चे तेल के आयात को सुचारु रखने और अन्य देशों से आयात बढ़ाने जैसे कदम भी उठाए जा रहे हैं, ताकि ईंधन आपूर्ति प्रभावित न हो।



### मोदी और फडणवीस सरकार पर भरोसा

बन ने कहा कि सभी नागरिकों तक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है और सरकार इसे पूरी गंभीरता से निभा रही है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार और देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही हैं। नवनाथ बन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के कारण आज कोई भी देश भारत की ओर टेढ़ी नजर से देखने की हिम्मत नहीं करता, लेकिन संजय राऊत रोज अपने ही देश को टेढ़ी नजर से देखते हैं।

**कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद**

नवीन प्रशासकीय ईमारत, म. गांधी चौक रोड, बदलापूर रेल्वे स्टेशन (पूर्व).
कुळगांव, पिन - ४२१५०३, ता. अंबरनाथ जि. ठाणे.

ई-मेल : - coud.kulgaonbadalapur@maharashtra.gov.in. वेबसाइट :- kbmc.gov.in.

जा.क्र./साबां/ २९८३ /२०२५-२६ दिनांक १३/०३/२०२६

**जाहिर ई-निविदा सुचना क्र. ey /२०२५-२६**

कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद हद्दीत पूर्व विभागात विविध विकसित करणे कामी ५ कामांच्या सविस्तर तपशील नगरपरिषदेच्या बांधकाम विभागामध्ये उपलब्ध आहे. सदर कामांकरिता ठाणे सार्वजनिक बांधकाम दर सुचीनुसार प्राकलन तयार करुन त्या नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून टक्केवारी दराच्या ई-निविदा मागविण्यात येत आहे.

सदर ई-निविदा संच विक्री व स्विकृतीचा कालावधी दि. १४/०३/२०२६ ते दि. २० /०३/२०२६ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत असून दि.१८/०३/२०२६ रोजी दुपारी १२.०० वा. निविदा पुर्वक बैठक नगरपरिषदेच्या कार्यालयातील आयोजित केलेली आहे. तसेच सदर ई-निविदा शक्य झाल्यास दि. २३/०३ /२०२६ रोजी दुपारी ४.०० वा. नंतर उघडण्यात येतील. निविदेबाबतचा सविस्तर तपशील नगरपरिषदेच्या http://kbmc.gov.in तसेच शासनाच्या http://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर व नगरपरिषदेच्या सुचना फलकावर उपलब्ध करण्यात आलेला आहे.

सही/-
(मारुती गायकवाड)
मुख्याधिकारी
कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद
कुळगांव

संपादकीय

## ईरान ने भारत के लिए दिल किया बड़ा

पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक तनाव के बीच ईरान का भारत के प्रति नरम रुख न केवल एक कूटनीतिक जीत है, बल्कि यह दो प्राचीन सभ्यताओं के बीच अटूट विश्वास का प्रमाण भी है। फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य, जो वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा की जीवनरेखा माने जाते हैं, वहां भारतीय जहाजों को सुरक्षित रास्ता देने का ईरान का निर्णय यह स्पष्ट करता है कि ईरान ने भारत के लिए अपना दिल बड़ा किया है। ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली का यह बयान कि ₹भारत हमारा मित्र है और उसे सुरक्षित मार्ग मिलेगा,₹ अंतरराष्ट्रीय राजनीति के उस दौर में आया है जब दुनिया गुटों में बंटी हुई है। यह संकरा समुद्री मार्ग दुनिया के कुल कच्चे तेल के लगभग २०% का गवाह है, और यहां मामूली तनाव भी वैश्विक अर्थव्यवस्था को हिलाने की क्षमता रखता है। ऐसे में ईरान का भारत को विशेष रियायत देना यह दर्शाता है कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की नीति सफल रही है।

भारत और ईरान के संबंध केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक हैं। राजदूत फतहाली ने साझा हितों और साझा विश्वास का जिक्र कर इसी गहराई को रेखांकित किया है। जब ईरान पर कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगे थे, तब भी भारत ने मानवीय आधार पर और ऊर्जा जरूरतों के लिए ईरान के साथ संपर्क बनाए रखा। चाबहार बंदरगाह परियोजना इस दोस्ती का सबसे बड़ा प्रतीक है, जो भारत को मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करती है। आज जब ईरान ने संकट की घड़ी में भारतीय जहाजों के लिए रास्ते खोले हैं, तो यह असल में भारत द्वारा अतीत में दिखाए गए सद्भाव का प्रत्युत्तर है।

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बाधित होती, तो भारत में तेल की कीमतें आसमान छू सकती थीं। ईरान के इस फैसले ने भारत की आर्थिक स्थिरता को एक सुरक्षा कवच प्रदान किया है। यह ₹बड़ा दिल₹ दिखाना भारतीय व्यापारियों और शिपिंग कंपनियों के लिए एक बड़ी राहत है, जो युद्ध की आहट के बीच अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे थे। यह वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती साख को भी दर्शाता है। यह साबित करता है कि भारत एक ऐसी शक्ति है जिसके साथ कोई भी देश अपने संबंध बिगाड़ना नहीं चाहता। ईरान जानता है कि भारत न केवल एक बड़ा बाजार है, बल्कि विश्व शांति में एक महत्वपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका भी निभा सकता है। 'दोस्ती का वास्ता' देकर ईरान ने यह संदेश दिया है कि कठिन समय में पुराने मित्र ही काम आते हैं।

अंततः, ईरान द्वारा भारतीय जहाजों को रास्ता देने का निर्णय केवल एक ट्रांजिट सुविधा नहीं है, बल्कि यह वसुधैव कुटुंबकम और सद्भाव की भारतीय सोच की वैश्विक स्वीकार्यता है। यह घटनाक्रम यह भी सिखाता है कि कूटनीति में भावनाओं और पुरानी दोस्ती का आज भी उतना ही महत्व है जितना कि सामरिक हितों का। ईरान ने वास्तव में भारत के लिए अपना दिल बड़ा करके यह दिखा दिया है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों की बिसात पर विश्वास ही सबसे बड़ी पूंजी होती है।

शख्सियत | सिमोन बाइल्स

## साहस, संघर्ष और सफलता की मिसाल



खेल जगत में कुछ नाम ऐसे होते हैं जो केवल पदकों के कारण नहीं, बल्कि अपने साहस, संघर्ष और अदम्य आत्मविश्वास के कारण पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा बन जाते हैं। जिमनास्टिक की दुनिया में सिमोन बाइल्स ऐसा ही एक महान नाम है। उन्होंने अपनी प्रतिभा, कठोर परिश्रम और अटूट संकल्प से यह साबित किया कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, दृढ इच्छाशक्ति से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

सिमोन बाइल्स का जन्म 14 मार्च 1997 को अमेरिका के ओहायो राज्य में हुआ। उनका बचपन आसान नहीं था। पारिवारिक परिस्थितियां कठिन थीं और बचपन में ही उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। बाद में उनकी नानी ने उन्हें अपनाया और पालन पोषण की जिम्मेदारी संभाली। यही वह समय था जब सिमोन के जीवन में स्थिरता आई और उन्हें अपने सपनों को पहचानने का अवसर मिला। बचपन में एक विद्यालयी भ्रमण के दौरान उन्होंने पहली बार जिमनास्टिक देखा और तभी से इस खेल के प्रति उनका आकर्षण बढ़ गया।

जिमनास्टिक एक अत्यंत कठिन और अनुशासनपूर्ण खेल माना जाता है। इसमें संतुलन, शक्ति, लचीलापन और मानसिक दृढता की आवश्यकता होती है। सिमोन बाइल्स ने बहुत कम आयु में ही असाधारण प्रतिभा दिखानी शुरू कर दी। उनकी कोचिंग शुरू हुई और वे लगातार अभ्यास में जुट गईं। घंटों की मेहनत, कठिन प्रशिक्षण और आत्मविश्वास ने उन्हें धीरे धीरे विश्व स्तर की खिलाड़ी बना दिया।

सिमोन बाइल्स की सफलता की सबसे बड़ी पहचान उनकी अद्भुत उपलब्धियां हैं। उन्होंने ओलंपिक और विश्व प्रतियोगिताओं में अनेक स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वर्ष 2016 के रियो ओलंपिक में उन्होंने चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर पूरी दुनिया को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा दिया। उनकी छलांग, संतुलन और कठिन कौशल को देखकर विशेषज्ञ भी चकित रह जाते हैं। कई जिमनास्टिक तकनीकें तो उनके नाम से ही जानी जाने लगीं, जो इस खेल में उनके असाधारण योगदान को दर्शाती हैं।

लेकिन सिमोन बाइल्स की महानता केवल पदकों तक सीमित नहीं है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया। वर्ष 2021 के ओलंपिक खेलों के दौरान उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए कुछ प्रतियोगिताओं से पीछे हटने का साहसिक निर्णय लिया। यह कदम खेल जगत में एक नई सोच लेकर आया कि खिलाड़ी भी इंसान होते हैं और उनका मानसिक संतुलन उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शारीरिक प्रदर्शन।

सिमोन बाइल्स ने यह संदेश दिया कि असली ताकत केवल जीतने में नहीं होती, बल्कि सही समय पर सही निर्णय लेने में भी होती है। उनके इस कदम ने लाखों लोगों को प्रेरित किया कि जीवन में मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने यह भी दिखाया कि महान खिलाड़ी वही है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपनी सच्चाई और आत्मसम्मान को बनाए रखे।

आज सिमोन बाइल्स दुनिया की सबसे महान जिमनास्टों में गिनी जाती हैं।

# जीवन का उपहार : रक्तदान का महत्व और आवश्यकता



**सुजाता मुरकर**
सोशल वर्कर हैं और सीएसआर के अंतर्गत फंड रेज़िंग का लंबा अनुभव है।

**भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में रक्त की मांग निरंतर बनी रहती है। यहाँ अस्पतालों को हर दिन सर्जरी, ट्रॉमा केयर, एनीमिया के उपचार और विशेष रूप से थैलेसीमिया जैसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए भारी मात्रा में रक्त की आवश्यकता होती है। हृदय की सर्जरी या अन्य बड़े ऑपरेशनों के दौरान भी रक्त की उपलब्धता अनिवार्य होती है। दुर्भाग्यवश, जागरूकता की कमी और नियमित दाताओं के अभाव के कारण कई क्षेत्रों में ब्लड बैंकों को अक्सर भारी किल्लत का सामना करना पड़ता है।**

रक्तदान को आधुनिक समाज में 'महादान' माना गया है। यह एक ऐसा मानवीय कार्य है, जिसमें एक व्यक्ति स्वेच्छा से अपने रक्त का कुछ अंश किसी अन्य की जान बचाने के लिए देता है। दुनिया के हर कोने में हर कुछ सेकंड में किसी न किसी को रक्त की आवश्यकता होती है। चाहे वह सर्जरी से गुजर रहा कोई बच्चा हो, प्रसव के दौरान जटिलताओं का सामना कर रही माता हो, कैंसर से जूझ रहा कोई मरीज हो या किसी दुर्घटना का शिकार व्यक्ति—इन सभी के लिए समय पर सुरक्षित रक्त की उपलब्धता जीवन और मृत्यु के बीच की कड़ी साबित होती है। चिकित्सा विज्ञान ने आज अभूतपूर्व प्रगति कर ली है, लेकिन इसके बावजूद मानव रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं खोजा जा सका है। रक्त को किसी प्रयोगशाला में बनाया नहीं जा सकता; यह केवल एक स्वस्थ और उदार व्यक्ति के शरीर से ही प्राप्त किया जा सकता है।

रक्तदान मानवता के सबसे सरल लेकिन सबसे शक्तिशाली कार्यों में से एक है। अक्सर लोग सोचते हैं कि उनके थोड़े से रक्त से क्या होगा, लेकिन वास्तविकता यह है कि दान की गई रक्त की एक यूनिट तीन अलग-अलग जिंदगियां बचा सकती है। दान किए गए रक्त को लाल रक्त कोशिकाओं, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स जैसे घटकों में विभाजित किया जा सकता है। ये अलग-अलग घटक अलग-अलग बीमारियों से पीड़ित मरीजों के काम आते हैं। उदाहरण के लिए, प्लेटलेट्स कैंसर के मरीजों के लिए जीवन रक्षक होते हैं, जबकि प्लाज्मा का उपयोग जलने या गंभीर संक्रमण के मामलों में किया जाता है। यह विविधता हर एक रक्तदान को अत्यंत मूल्यवान और प्रभावी बना देती है।

भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में रक्त की मांग निरंतर बनी रहती है। यहाँ अस्पतालों को हर दिन सर्जरी, ट्रॉमा केयर, एनीमिया के उपचार और विशेष रूप से थैलेसीमिया जैसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए भारी मात्रा में रक्त की



आवश्यकता होती है। हृदय की सर्जरी या अन्य बड़े ऑपरेशनों के दौरान भी रक्त की उपलब्धता अनिवार्य होती है। दुर्भाग्यवश, जागरूकता की कमी और नियमित दाताओं के अभाव के कारण कई क्षेत्रों में ब्लड बैंकों को अक्सर भारी किल्लत का सामना करना पड़ता है। कई बार ग्रामीण इलाकों में समय पर रक्त न मिलने के कारण स्थितियां गंभीर हो जाती हैं, जिसे केवल स्वैच्छिक दान से ही सुधारा जा सकता है। रक्तदान के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा इच्छाशक्ति की कमी नहीं, बल्कि जागरूकता का अभाव और समाज में फैली भ्रांतियां हैं। बहुत से लोग आज भी यह मानते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है या रिकवरी में बहुत लंबा समय लगता है। सच्चाई इसके ठीक उलट है। एक स्वस्थ वयस्क हर तीन महीने में सुरक्षित रूप से रक्तदान कर सकता है। रक्तदान की पूरी प्रक्रिया में केवल १०-१५ मिनट का समय लगता है और हमारा शरीर दान किए गए रक्त की पूर्ति बहुत तेजी से कर लेता है। तरल पदार्थ की पूर्ति २४ घंटों के भीतर हो जाती है, जबकि कोशिकाएं कुछ ही हफ्तों में फिर से बन जाती हैं। रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त के निर्माण की प्रक्रिया तेज होती है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

जब लोग नियमित रूप से और स्वेच्छा से रक्तदान करते हैं, तो पूरे देश की स्वास्थ्य प्रणाली मजबूत होती है। इससे ब्लड बैंकों के पास सुरक्षित और पर्याप्त स्टॉक बना रहता है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों के परिजनों को अंतिम समय में रक्त के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता और न ही वे असुरक्षित स्रोतों या सशुल्क दाताओं पर निर्भर होते हैं। नियमित रक्तदान की संस्कृति विकसित करने के लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। शैक्षणिक संस्थानों, कॉर्पोरेट कार्यालयों और सामाजिक संगठनों को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। विशेष रूप से युवाओं के पास इस आंदोलन को एक राष्ट्रव्यापी अभियान में बदलने की शक्ति है, ताकि भविष्य में रक्त की कमी से किसी की जान न जाए।

रक्तदान केवल एक चिकित्सा प्रक्रिया नहीं है; यह एक गहरा सामाजिक उत्तरदायित्व है। यह सहानुभूति, एकजुटता और उस अजनबी की मदद करने की भावना को दर्शाता है जिससे हम शायद कभी न मिलें। यह एक ऐसा उपहार है जिसकी कोई कीमत नहीं लगाई जा सकती। अंततः, रक्तदान मानवता की सेवा का सबसे सरल और सीधा मार्ग है। यह हमें याद दिलाता है कि हम सब एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। आपके द्वारा दिया गया कुछ मिनटों का समय किसी परिवार की खुशियां लौटा सकता है और किसी को जीवन का एक नया अवसर दे सकता है। अगली बार जब आप अपने आसपास कोई रक्तदान शिविर देखें, तो आगे बढ़ें और जीवन का सबसे अनमोल उपहार दें—जीवन का उपहार।

हमारी गीता

## नरकवास का संदेश



**स्वामिनी निष्कलानंदा**
चिन्मय मिशन कल्याण

भगवद्गीता में अर्जुन जब युद्धभूमि में खड़ा होता है, तब उसके मन में केवल अपने और अपने समय की चिंता नहीं होती, बल्कि वह समाज, परंपरा और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के बारे में भी सोचता है। इसी संदर्भ में वह कहता है— "सङ्करो नरकायैव कुलघ्नानां कुलस्य च।" अर्थात वर्णसंकर और कुल का नाश करने वाले लोग अपने कुल को नरक की ओर धकेल देते हैं।

अर्जुन को यह भय दिखाई देता है कि जब समाज की व्यवस्था डगमगाती है और अनुशासन की परंपरा टूट जाती है, तब केवल अराजकता और दुख ही जन्म लेते हैं। जिस



प्रकार कुल्हाड़ी का डंडा लकड़ी का ही होता है और वही लकड़ी को काटता है, उसी प्रकार जब अपने ही लोग परंपराओं को नष्ट करने लगते हैं, तब समाज की जड़ें कमजोर हो जाती हैं। इसे ही कहावत में "घर का भेदी लंका ढाए" कहा गया है। गीता का यह विचार हमें बताता है कि सात्विक वृत्ति बहुत सूक्ष्म और दूरदर्शी होती है। वह केवल वर्तमान दृश्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिणामों को भी देखती है। मनुष्य को यह समझना चाहिए कि जीवन केवल एक क्षणिक घटना नहीं है। हमारे वेदों और अनेक धर्मों में स्वर्ग और नरक की कल्पना इसी कारण से की गई है कि मनुष्य अपने कर्मों के परिणामों को समझ सके।

कुछ लोग चार्वाक जैसी विचारधाराओं के अनुसार स्वर्ग-नरक को अस्वीकार करते हैं, परंतु सृष्टि के नियमों पर विचार करें तो स्पष्ट होता है कि बिना कारण कोई भी परिणाम नहीं होता। जैसे घड़ा बनाने के लिए मिट्टी चाहिए, उसी प्रकार जीवन के कर्मों का भी कोई न कोई फल अवश्य होता है। सत्कर्म का फल सुख और पापकर्म का फल दुःख के रूप में मिलता है। अर्जुन की दूरदर्शिता यही है कि वह केवल वर्तमान युद्ध को नहीं देख रहा, बल्कि उसके सामाजिक और नैतिक परिणामों का भी विचार कर रहा है। यदि मनुष्य केवल स्वार्थ के आधार पर कर्म करेगा और उसके परिणामों की चिंता नहीं करेगा, तो उसका नुकसान केवल उसे ही नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति को भी होगा। आने वाली पीढ़ियों को भी उसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा।

जीवन ऊर्जा

इरोम शर्मिला: जन्म - 14 मार्च 1972 | जन्म

## परिवर्तन छोटे कदमों से शुरू होता है

**इरोम शर्मिला का जन्म 14 मार्च 1972 को मणिपुर में हुआ। वे मानवाधिकार और अहिंसक संघर्ष की प्रतीक मानी जाती हैं। सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम के विरोध में उन्होंने वर्ष 2000 से लगभग 16 वर्ष तक ऐतिहासिक अनशन किया। उनके साहस, धैर्य और शांतिपूर्ण संघर्ष ने उन्हें विश्व भर में न्याय और मानव गरिमा की आवाज बना दिया।**

शांति ही सबसे बड़ी शक्ति है। अहिंसा सबसे मजबूत हथियार है। न्याय के लिए धैर्य जरूरी है। अन्याय के सामने मौन नहीं रहना चाहिए। सत्य का मार्ग कठिन होता है। संघर्ष से ही बदलाव आता है। मनुष्य की गरिमा सबसे मूल्यवान है। भय स्वतंत्रता का सबसे बड़ा शत्रु है। साहस से ही आशा जन्म लेती है। अधिकारों के लिए जागरूकता जरूरी है। मानवता सबसे बड़ा धर्म है। सत्य अंततः विजयी होता है। अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना कर्तव्य है। दृढ संकल्प से असंभव भी संभव बनता है। शांति से ही समाज आगे बढ़ता है। करुणा मनुष्य को महान बनाती है। अधिकारों के साथ जिम्मेदारी भी जरूरी है। परिवर्तन छोटे कदमों से शुरू होता है। आत्मबल सबसे बड़ी ताकत है। धैर्य संघर्ष की सबसे बड़ी पूंजी है। न्याय के लिए समय देना पड़ता है। समाज को संवेदनशील होना चाहिए। मानवाधिकार सबके लिए समान हैं। सच्चा साहस शांत रहता है। प्रेम नफरत से अधिक शक्तिशाली है। कठिनाइयां हमें मजबूत बनाती हैं। सत्य का मार्ग कभी व्यर्थ नहीं जाता। इंसानियत सबसे ऊपर है। न्याय के बिना शांति अधूरी है। विश्वास संघर्ष को दिशा देता है। स्वतंत्रता हर



मनुष्य का अधिकार है। अहिंसा से बड़ा कोई मार्ग नहीं। साहस ही परिवर्तन की शुरुआत है। धैर्य से ही जीत मिलती है। उम्मीद ही जीवन की सबसे बड़ी ताकत है। सत्य और न्याय के लिए लंबा इंतजार भी सार्थक होता है। मानवता की रक्षा करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। अन्याय को स्वीकार करना भी एक प्रकार का अन्याय है। शांति का मार्ग धीमा जरूर होता है, पर स्थायी होता है। साहस वह प्रकाश है जो अंधकार में रास्ता दिखाता है। संघर्ष हमें अपनी असली शक्ति से परिचित कराता है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



## जप और पूजा से मन होता है शांत

भारतीय संस्कृति में नवरात्रि अत्यंत पवित्र और आध्यात्मिक पर्व माना जाता है। यह उत्सव शक्ति, श्रद्धा और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। नवरात्रि का अर्थ है "नौ रातें", जिनमें मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। इन नौ दिनों में भक्त उपवास रखते हैं, पूजा-अर्चना करते हैं और अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत करते हैं। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि सत्य, शक्ति और भक्ति के माध्यम से जीवन की हर कठिनाई पर विजय प्राप्त की जा सकती है। नवरात्रि का



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



संबंध मुख्य रूप से दुर्गा की उपासना से है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, मां दुर्गा ने महिषासुर नामक अत्याचारी राक्षस का नौ दिनों तक युद्ध करके अंततः उसका वध किया था। इसी विजय की स्मृति में नवरात्रि मनाई जाती है। यह पर्व हमें यह प्रेरणा देता है कि सत्य और धर्म की शक्ति अंततः अधर्म और अन्याय पर विजय प्राप्त करती है। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है, जिन्हें नवदुर्गा कहा जाता है। इनमें शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री शामिल हैं। प्रत्येक दिन एक विशेष रूप की आराधना की जाती है और उससे जुड़ी आध्यात्मिक ऊर्जा को ग्रहण करने का प्रयास किया जाता है। इस प्रकार यह पर्व श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक साधना का एक विशेष अवसर बन जाता है।

नवरात्रि का धार्मिक महत्व तो अत्यंत गहरा है ही, इसके साथ-साथ इसके अनेक सामाजिक और सांस्कृतिक लाभ भी हैं। यह पर्व समाज में उत्साह, आनंद और सामूहिकता की भावना को बढ़ाता है। मंदिरों और घरों में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे लोगों के बीच प्रेम और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। नवरात्रि का एक महत्वपूर्ण पहलू उपवास भी है। इन दिनों बहुत से लोग सात्त्विक भोजन ग्रहण करते हैं और तामसिक भोजन से दूर रहते हैं। इससे शरीर को विश्राम मिलता है और पाचन तंत्र को संतुलन प्राप्त होता है। आयुर्वेद के अनुसार समय-समय पर किया गया उपवास शरीर को शुद्ध करने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होता है। इस प्रकार नवरात्रि केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी है। नवरात्रि का एक बड़ा लाभ मानसिक और आध्यात्मिक शुद्धि भी है। इन दिनों लोग ध्यान, जप और पूजा के माध्यम से अपने मन को शांत और सकारात्मक बनाते हैं। इससे तनाव कम होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। नियमित पूजा-अर्चना और आध्यात्मिक अभ्यास से व्यक्ति के भीतर धैर्य, करुणा और संयम जैसे गुण विकसित होते हैं।

इसके अतिरिक्त नवरात्रि हमें स्त्री शक्ति के सम्मान का भी संदेश देती है। मां दुर्गा को शक्ति का स्वरूप माना जाता है और इस पर्व के माध्यम से समाज में महिलाओं के सम्मान और उनकी शक्ति को स्वीकार करने की प्रेरणा मिलती है। यह पर्व बताता है कि शक्ति और सृजन का आधार नारी ही है।

अंततः कहा जा सकता है कि नवरात्रि केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला पर्व है। यह हमें आत्मशुद्धि, अनुशासन, श्रद्धा और शक्ति का महत्व सिखाता है। नवरात्रि के माध्यम से हम अपने भीतर छिपी सकारात्मक ऊर्जा को जागृत कर सकते हैं और जीवन में नई आशा और उत्साह के साथ आगे बढ़ सकते हैं। यही कारण है कि नवरात्रि भारतीय संस्कृति में अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पर्व माना जाता है।

## अपने विचार

अगर पाकिस्तान जाना गुनाह नहीं है तो कहां जाना गुनाह है। जिस पाकिस्तान के साथ 3 लड़ाई देश लड़ चुका है, देश के सैनिक बलिदान दे चुके हैं. आप उसी सेना के बलिदान को इग्नोर करते हैं। आप बिना वीजा जहां पाकिस्तान सेना का मुख्यालय है, उस जिले में भी जाते हैं तो आप पर सवाल उठेंगे ही।



**हेमंता विस्वा सरमा**
सीएम, असम

अखिलेश यादव समझ रहे हैं कि शंकराचार्य के पास बहुत बड़ा हिंदू वोट बैंक है। शंकराचार्य पहले भी कांग्रेस के पक्ष में रहे हैं और बीजेपी के खिलाफ रहे। आज भी शंकराचार्य का रवैया है वो कांग्रेस के साथ और बीजेपी के खिलाफ हैं। अखिलेश यादव समझ रहे हैं कि शंकराचार्य 2027 में उनकी नैया पार लगा देंगे, लेकिन ऐसा हरगिज नहीं होने वाला।



**मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी,**
बरेली

'केरल स्टोरी-2' के ट्रेलर को देखकर साफ पता चल रहा है कि मूवी आपको भले ही समझ नहीं आती, लेकिन फिल्म में हिंदू महिलाओं को ऐसे दिखाया गया है कि जैसे वे बहुत सीधी हैं और उन्हें आसानी से इंप्रेस किया जा सकता है। साथ ही, उन्हें अपनी ही गलतियों से बचाने के लिए किसी की सुरक्षा की जरूरत है।



**स्वरा भास्कर**
अभिनेत्री

सरकार ने लैंड जिहादियों के खूनी पंजों से सरकारी जमीन बचाई है। हम देवभूमि की भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देंगे। जिसकी आंख में तुष्टिकरण की पट्टी और सिर पर हरे रंग की टोपी हो उन्हें विकास समझ नहीं आएगा।



**पुष्कर सिंह धामी**
सीएम, उत्तराखंड

अपने विचार
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिमेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### 15 मार्च को ट्रांस हार्बर लाइन पर मेगा ब्लॉक



मुंबई। मध्य रेलवे के मुंबई मंडल ने रविवार 15 मार्च 2026 को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए ट्रांस हार्बर लाइन पर मेगा ब्लॉक की घोषणा की है। यह ब्लॉक ठाणे और वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच लिया जाएगा। ट्रांस हार्बर लाइन पर ठाणे और वाशी/नेरुल के बीच अप और डाउन दोनों लाइनों पर सुबह 11:10 बजे से शाम 4:10 बजे तक मेगा ब्लॉक रहेगा। इस अवधि में इन स्टेशनों के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं पूरी तरह से रद्द रहेंगी। ब्लॉक के कारण ठाणे से वाशी, नेरुल और पनवेल की ओर जाने वाली डाउन लाइन की ट्रेनें सुबह 10:35 बजे से शाम 4:07 बजे तक रद्द रहेंगी। वहीं पनवेल, नेरुल और वाशी से ठाणे की ओर आने वाली अप लाइन की ट्रेनें सुबह 10:25 बजे से शाम 4:09 बजे तक रद्द रहेंगी।

### पत्रकारों को गुड़ी पाड़वा से पहले मिलेंगी घरों की चाबियां



ठाणे/मुंबई। मुंबई के विधान भवन में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और म्हाडा के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में ठाणे के पत्रकारों के आवास संबंधी लंबित मुद्दों को सफलतापूर्वक सुलझा लिया गया है। इस बैठक में डिप्टी सीएम शिंदे और म्हाडा आयुक्त संजीव जायसवाल ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए घोषणा की कि जिन पत्रकारों का भुगतान पूर्ण हो चुका है, उन्हें आगामी गुड़ी पाड़वा के शुभ अवसर से पहले उनके फ्लैट की चाबियां सौंप दी जाएंगी। इस सकारात्मक पहल के लिए ठाणे जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय पितले, दिलीप शिंदे और दीपक दलवी सहित उपस्थित सभी पत्रकारों ने शासन और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# नवी मुंबई में अवैध निर्माण पर विधानसभा में हंगामा

### 340 निर्माण और 3,133 झोपड़ियां तोड़ी गईं

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

नवी मुंबई में बढ़ते अवैध निर्माण और अतिक्रमण के मुद्दे को लेकर बेलापुर की भाजपा विधायक मंदा म्हात्रे ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश कर प्रशासन को घेरा। उन्होंने इस मामले में सिडको और नवी मुंबई महानगरपालिका की कार्रवाई पर सवाल उठाए। विधायक के सवालों का जवाब देते हुए नगर विकास राज्यमंत्री माधुरी मिसाल ने बताया कि अवैध निर्माण के खिलाफ महानगरपालिका और सिडको द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

### मनपा ने जारी किए 870 नोटिस

राज्यमंत्री के अनुसार, नवी मुंबई महानगरपालिका ने अब तक 870 नोटिस जारी किए हैं। इन नोटिसों के आधार पर 340 अवैध निर्माण और 3,133 झोपड़ियों को ध्वस्त किया गया है। इसके अलावा इस मामले में 126 आपराधिक मामले भी दर्ज किए गए हैं।



### चरणबद्ध तरीके से हटेगा अतिक्रमण

राज्यमंत्री माधुरी मिसाल ने स्पष्ट किया कि नवी मुंबई में जहां भी महानगरपालिका और सिडको के अधिकार क्षेत्र में अवैध निर्माण या अतिक्रमण पाए जाएंगे, उन्हें चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा।

### पाम बीच रोड की कमान की होगी जांच

सरकार ने बताया कि पाम बीच रोड पर बने कथित अतिक्रमण वाली कमान (आर्च) की भी जांच की जाएगी। यदि यह अवैध पाई गई तो आठ दिनों के भीतर कार्रवाई कर इसकी जानकारी सदन को दी जाएगी।

### सिडको की बड़ी कार्रवाई

वहीं सिडको ने भी बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए 10,160 नोटिस जारी किए। इन नोटिसों के आधार पर 8,417 अतिक्रमण हटाए गए और चार मामले दर्ज किए गए। यह कार्रवाई फरवरी 2026 तक की अवधि में की गई है।

## जेसीबी और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो की मौत

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

ऐरोली सेक्टर-14 में शुक्रवार को एक जेसीबी मशीन और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले में जेसीबी चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### न्यू होराइजन स्कूल के सामने हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार घटना न्यू होराइजन स्कूल, ऐरोली के सामने हुई। जेसीबी मशीन सड़क से गुजर रही थी, तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

### स्थानीय लोगों ने की मदद, लेकिन नहीं बच सकी जान

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों की मदद करने की कोशिश की, लेकिन उनकी चोटें बेहद गंभीर थीं और मौके पर ही दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान दिग्विजय बाबासाहब डिंडे (17) और हर्षद सवार्डेकर (18) के रूप में हुई है। दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार थे।

### चालक गिरफ्तार, जांच जारी

रबाले पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालकृष्ण सावंत ने बताया कि पुलिस ने जेसीबी चालक हनुमंत मारुति शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों युवकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं और मामले की आगे जांच जारी है।

## मध्य रेल में यात्री संख्या बढ़ी, आय में भी वृद्धि

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल ने वित्तीय वर्ष 2025–26 (फरवरी 2026 तक) के दौरान यात्री यातायात और आय दोनों में वृद्धि दर्ज की है। इस अवधि में कुल 1503.50 मिलियन यात्रियों ने मध्य रेल से यात्रा की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में दर्ज 1476.61 मिलियन यात्रियों की तुलना में 1.82 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में 1314.91 मिलियन उपनगरीय यात्रियों ने यात्रा की, जबकि 188.58 मिलियन मेल, एक्सप्रेस, पैसेंजर और अन्य गैर-उपनगरीय यात्रियों ने सफर किया। फरवरी 2026 में कुल 130.10 मिलियन यात्रियों का परिवहन किया गया, जिनमें 112.98 मिलियन उपनगरीय और 17.13 मिलियन गैर-उपनगरीय यात्री शामिल हैं।

### कुल आय 16,055 करोड़ रुपये से अधिक

वित्तीय वर्ष 2025–26 (फरवरी 2026 तक) में मध्य रेल ने कुल 16,055.10 करोड़ रुपये की यात्री और वाणिज्यिक आय अर्जित की। इसमें 7,296.73 करोड़ रुपये यात्री आय, 7,487.45 करोड़ रुपये माल परिवहन आय, 703.41 करोड़ रुपये अन्य कोचिंग आय और 567.51 करोड़ रुपये विविध आय शामिल है।

### फरवरी माह में 1,613 करोड़ रुपये की आय

फरवरी 2026 में मध्य रेल की कुल आय 1,613.87 करोड़ रुपये रही। इसमें 735.35 करोड़ रुपये यात्री आय, 746.16 करोड़ रुपये माल आय, 62.61 करोड़ रुपये अन्य कोचिंग आय और 69.75 करोड़ रुपये विविध आय शामिल हैं। नॉन–फेयर राजस्व पहलों के तहत ई–नीलामी के माध्यम से 36 वाणिज्यिक अनुबंध दिए गए, जिनसे 12.46 करोड़ रुपये का वार्षिक लाइसेंस शुल्क प्राप्त हुआ। मुंबई मंडल में उपनगरीय ट्रेनों के डिब्बों, नेरल–माथेरान टॉय ट्रेन, कार शेड और रेलवे परिसरों में विज्ञापन से जुड़े कई अनुबंध भी दिए गए।

# पश्चिम रेलवे ने पार किया 100 मिलियन टन माल लदान का आंकड़ा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान 12 मार्च 2026 को प्रारंभिक माल लदान में 100 मिलियन टन का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही पश्चिम रेलवे ने लगातार चौथे वर्ष 100 मिलियन टन माल लदान का आंकड़ा पार किया है, जो देश के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत करने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

### कंटेनर और उर्वरक लदान में उल्लेखनीय वृद्धि



पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में कई वस्तुओं के लदान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। कंटेनर लदान 33.66 मिलियन टन रहा, जिसमें 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। वहीं उर्वरक का लदान 18.92 मिलियन टन रहा, जिसमें लगभग 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### खाद्यान्न और इस्पात परिवहन में भी बढ़ोतरी

इस वर्ष खाद्यान्न लदान 1 मिलियन टन रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 28 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। वहीं लौह एवं इस्पात का लदान 0.69 मिलियन टन दर्ज किया गया, जिसमें लगभग 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### सीमेंट और अन्य वस्तुओं का भी मजबूत प्रदर्शन

सीमेंट लदान 14.53 मिलियन टन रहा, जिसमें 3 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा अन्य वस्तुओं का लदान 15.94 मिलियन टन रहा, जिसमें करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

### कुल माल लदान 100.02 मिलियन टन तक पहुंचा

अप्रैल 2025 से 12 मार्च 2026 के बीच कोयला, उर्वरक, कंटेनर, पीओएल, सीमेंट, खाद्यान्न, लौह एवं इस्पात और अन्य वस्तुओं को मिलाकर कुल माल लदान 100.02 मिलियन टन तक पहुंच गया। वर्ष के दौरान सनोसरा, भीमासर, वरतेज, वडोदरा मार्शलिंग यार्ड, कड़ी और गांधीधाम जैसे स्थानों से औद्योगिक नमक, प्याज और ऑटोमोबाइल जैसे नए माल परिवहन स्रोत विकसित किए गए। इससे पश्चिम रेलवे के माल परिवहन पोर्टफोलियो को और मजबूती मिली है।

## एलपीजी गैस को लेकर ठाणे प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

### जिलाधिकारी कार्यालय में आपदा प्रबंधन कक्ष शुरू

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

दुनिया भर में युद्ध जैसे हालात को देखते हुए ईंधन और घरेलू गैस की आपूर्ति सुचारु बनाए रखने तथा किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए ठाणे जिला प्रशासन ने जिलाधिकारी कार्यालय में आपदा प्रबंधन कक्ष शुरू किया है। जिला आपूर्ति कार्यालय की ओर से नियंत्रण कक्ष के लिए मोबाइल नंबर 9372338827 और दूरभाष नंबर 022-25301740 जारी किया गया है।

### गैस की आपूर्ति सामान्य, घबराकर बुकिंग न करें



तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। इसलिए जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी तरह की कमी की अफवाहों में आकर बिना वजह गैस सिलेंडर की अग्रिम बुकिंग न करें। जिला प्रशासन ने मीडिया, नागरिकों, गैस उपभोक्ताओं और जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि किसी भी शिकायत, संदेह या जानकारी के लिए जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करें, ताकि गलतफहमियों को समय रहते दूर किया जा सके।

## पानी बिल बढ़ोतरी के खिलाफ आक्रोश

### शिवसेना यूबीटी ने किया हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर महानगर पालिका में सत्तासीन महायुति सरकार द्वारा पानी के बिलों में की गई भारी वृद्धि के विरोध में शहरवासियों में तीव्र नाराजगी व्याप्त है। इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ शुक्रवार शाम उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के बाहर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्ष द्वारा एक विशाल 'स्वाक्षरी मोहिम' (हस्ताक्षर अभियान) का आयोजन किया गया। इस अभियान में हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिकों ने बढ़ते आर्थिक बोझ के खिलाफ अपने हस्ताक्षर दर्ज कर शासन और प्रशासन के फैसले का कड़ा निषेध किया। शिवसेना पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि वे आम जनता के हितों के लिए सड़क पर उतरकर संघर्ष जारी रखेंगे।

### पूर्व सांसद और जिला प्रमुख के नेतृत्व में आंदोलन तेज



आगामी रणनीति के तहत शिवसेना (UBT) का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही नगर आयुक्त मनीषा अहवाले से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपेगा। यह आंदोलन पूर्व सांसद राजन विचारे, कल्याण जिला प्रमुख शरद पाटिल और शहर प्रमुख शिवाजी जावले के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। इस स्वाक्षरी मोहिम में शरद पाटिल, राजेंद्र साहू, भीमसेन मोरे, शिवाजी जावले और कृष्णा पुजारी सहित सैकड़ों शिवसैनिकों और युवा सेना के पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। पार्टी का कहना है कि शहर के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों और इस अतिरिक्त कर के बोझ को कम कराने के लिए वे प्रशासन पर दबाव बनाना जारी रखेंगे।

महिला दिवस पर विशेष संवाद कार्यक्रम

## प्रोजेनेसिस फर्टिलिटी सेंटर में गूंजी संघर्ष और सफलता की कहानियां

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रोजेनेसिस फर्टिलिटी सेंटर में एक विशेष संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह केवल उत्सव नहीं था, बल्कि फर्टिलिटी के क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं के अनुभवों और मरीजों के संघर्ष को सामने लाने की एक पहल थी। इस दौरान सेंटर की महिला डॉक्टरों और कर्मचारियों ने बांझपन की चुनौतियों और अपनी पेशेवर व भावनात्मक यात्राओं को साझा किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि क्लिनिक में आने वाली हर महिला बेहद आशावादी और दृढ़निश्चयी होती है। उनका कहना था कि मां बनने का सफर केवल शारीरिक नहीं, बल्कि गहरे मानसिक साहस और धैर्य की भी परीक्षा होता है। इस दौरान मरीजों के संघर्ष को देखकर स्वयं के भीतर भी नई संवेदनशीलता और भावनात्मक शक्ति पैदा होती है।विशेषज्ञों ने बताया कि कई महिलाएं वर्षों तक इंतजार और इलाज के बाद मातृत्व का सुख प्राप्त करती हैं। ऐसे क्षण क्लिनिक के डॉक्टरों और कर्मचारियों के लिए भी बेहद भावुक और प्रेरणादायक होते हैं। इन अनुभवों से यह स्पष्ट होता है कि मातृत्व की राह में धैर्य और विश्वास सबसे बड़ी ताकत होते हैं। कार्यक्रम में कर्मचारियों ने कहा कि फर्टिलिटी उपचार के दौरान केवल चिकित्सा ही नहीं, बल्कि मरीजों को दिया जाने वाला भावनात्मक सहारा भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

प्रियंका जैन
97699 94439

**मेष** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बाहरी सहायता से कार्यों में गति आएगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। शारीरिक कष्ट की आशंका है, अतः लापरवाही से बचें। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**वृष** चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि की आशंका है। विवाद को बढ़ावा न दें। अतिउत्साह हानिप्रद रहेगा। कुसंगति से बचें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी उलझन में फंस सकते हैं। विवेक से निर्णय लें। सार्वजनिक स्थान पर लोगों का ध्यान नहीं खींच पाएंगे। धैर्य रखें।

**मिथुन** राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धार्मिक कृत्यों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। थकान महसूस होगी। किसी लंबे प्रवास की योजना बनेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा।

**कर्क** नई योजना बनेगी। पुराने किए गए निर्णयों का लाभ अब प्राप्त होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। नए कार्यकारी अनुबंध हो सकते हैं। नौकरी में चैन रहेगा। घर में तनाव रह सकता है। चिंता में वृद्धि होगी।

**सिंह** यात्रा लाभदायक रहेगी। काफी समय से रुका हुआ धन प्राप्ति के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। जल्दबाजी

**कन्या** किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। फालतू खर्च होगा। असमंजस रहेगा। निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला** बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रतिद्वंद्वी पस्त होंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई रुका हुआ कार्य पूर्ण होने के योग हैं।

**वृश्चिक** घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। लंबे प्रवास की योजना बनेगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में अनुकूलता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी से बचें।

**धनु** संबंधियों तथा मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। स्वास्थ्य कमजोर होगा।

**मकर** चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। मानसिक क्लेश होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में कमी हो सकती है।

**कुंभ** शैक्षणिक व शोध इत्यादि कार्यों के परिणाम सुखद रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी कार्य में उत्साह व प्रसन्नता से सफलता प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेशादि लाभदायक रहेंगे। भाग्य का साथ रहेगा।

**मीन** स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा, साक्षात्कार व करियर संबंधी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी। जोखिम न उठाएं। थकान महसूस होगी।

## शुक्र-सूर्य-बुध का योग: घर में पैसा क्यों आता है, लेकिन सुख क्यों नहीं टिकता




प्रियंका जैन
97699 94439

वैदिक ज्योतिष में ग्रह केवल आकाश में घूमने वाले खगोलीय पिंड नहीं माने जाते, बल्कि वे मानव जीवन की सूक्ष्म मनोवैज्ञानिक और पारिवारिक स्थितियों के प्रतीक भी होते हैं। जब किसी जन्म कुंडली में ग्रहों का विशेष क्रम बनता है, तो वह व्यक्ति के जीवन, स्वभाव और पारिवारिक वातावरण की गहरी कहानी कहता है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण क्रम है—शुक्र के बाद सूर्य और उसके बाद बुध का योग। यह केवल ग्रहों का साधारण क्रम नहीं होता, बल्कि कई बार यह पूरे परिवार की संरचना, निर्णय प्रक्रिया और भावनात्मक स्थिति को प्रकट कर देता है। वैदिक ज्योतिष में शुक्र को सुख, प्रेम, संबंध, सौंदर्य और भौतिक आनंद का कारक माना जाता है। यह वह ग्रह है जो घर में मधुरता, आकर्षण और भावनात्मक जुड़ाव लाता है। जब किसी परिवार में शुक्र की ऊर्जा संतुलित होती है, तो वहाँ केवल आर्थिक समृद्धि ही नहीं, बल्कि भावनात्मक संतोष और प्रेम भी होता है। लेकिन जब शुक्र की स्थिति कमजोर या पीछे छूट जाती है, तो भले ही धन और संसाधन उपलब्ध हों, फिर भी मन के भीतर संतोष का अभाव बना रहता है।

इसके बाद आता है सूर्य, जिसे ज्योतिष में आत्मा, अधिकार, नेतृत्व और निर्णय का प्रतीक माना गया है। सूर्य वह शक्ति है जो किसी भी व्यवस्था को दिशा देती है। घर में भी अक्सर वही व्यक्ति सूर्य की भूमिका निभाने लगता है जो आर्थिक रूप से मजबूत होता है या जिसका व्यक्तित्व अधिक प्रभावशाली होता है। धीरे-धीरे वह व्यक्ति घर के अधिकांश निर्णय लेने लगता है और परिवार के अन्य सदस्य उसके निर्णयों को स्वीकार करने लगते हैं। इसके बाद आता है बुध, जो बुद्धि, तर्क, संवाद और विश्लेषण का ग्रह माना जाता है। बुध का स्वभाव यह है कि वह हर निर्णय को शब्दों और तर्कों के माध्यम से उचित ठहराने की क्षमता देता है। जब सूर्य के बाद बुध आता है, तो कई बार यह स्थिति बनती है कि निर्णय पहले हो जाता है और उसके बाद उस निर्णय को सही साबित करने के लिए तर्क प्रस्तुत किए जाते हैं।

यहीं से परिवार की वास्तविक कहानी शुरू होती है। जब शुक्र पीछे रह जाता है, सूर्य निर्णय लेता है और बुध उसे तर्कों से सही साबित करता है, तो बाहर से देखने पर सब कुछ व्यवस्थित दिखाई देता है। घर में पैसा भी आता है, संसाधन भी होते हैं और निर्णय भी होते हैं। लेकिन अंदर से कहीं न कहीं भावनात्मक संतुलन टूटने लगता है। क्योंकि उस व्यवस्था में प्रेम, संवाद और सहमति की जगह धीरे-धीरे कम होती जाती है। आकाश में एक ही सूर्य होता है और एक ही चंद्रमा होता है। यही कारण है कि ब्रह्मांड का संतुलन बना रहता है। लेकिन जब किसी घर में हर व्यक्ति सूर्य बनने की कोशिश करता है, तो वहाँ प्रकाश नहीं बल्कि टकराव उत्पन्न होने लगता है। आज के समय में यह स्थिति बहुत सामान्य हो गई है। हर व्यक्ति आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना चाहता है, हर कोई अपनी राय को अंतिम मानना चाहता है और हर कोई अपने तर्कों को सही साबित करना चाहता है।

यहाँ एक महत्वपूर्ण बात समझने की आवश्यकता है। जीवन में हर भूमिका अलग होती है और हर ग्रह का अपना कार्य होता है। जैसे ज्योतिष में प्रत्येक ग्रह का अपना स्थान और दायित्व होता है, वैसे ही परिवार में भी अलग-अलग भूमिकाएँ होती हैं। यदि एक ही व्यक्ति सब कुछ बनने की कोशिश करे—कमाने वाला भी, निर्णय लेने वाला भी और तर्क देने वाला भी—तो संतुलन बिगड़ना स्वाभाविक है।

परिवार को अधिकार से अधिक संतुलन की आवश्यकता होती है।

# मुंबई इंडियंस को भरनी होंगी 'दरारें'

- आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी पिछले कुछ सत्रों से कर रही संघर्ष
- स्टार खिलाड़ियों की भरमार के बावजूद टीम संयोजन बनाना कठिन चुनौती

एजेंसी। मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सत्र की शुरुआत इस माह के अंत में होनी है। ऐसे में नजरें सबसे सफल फ्रेंचाइजी में एक मुंबई इंडियंस (एमआई) पर होंगी। मगर उसकी टीम में अभी कुछ ऐसी 'दरारें' हैं जिन्हें भरना होगा। तभी वह फिर से जीत की राह पर लौट पाएगी। एमआई ने अभी तक पांच खिताब जीते हैं।

सिर्फ चेन्नई ही दूसरी टीम है जो उनकी बराबरी पर है। हालांकि टीम के पिछले प्रदर्शन और नेतृत्व परिवर्तन के बाद की परिस्थितियों ने कुछ सवाल भी खड़े किए हैं। रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पांड्या के कप्तान बनने के बाद से टीम लगातार चर्चा में रही है। इसके बावजूद इकलौती ऐसी टीम है जिसके पास दो ऐसे कप्तान हैं जिन्होंने राष्ट्रीय टीम को टी-20 विश्व कप जिताया है- रोहित और सूर्यकुमार यादव। हार्दिक पांड्या खुद दोनों बार विश्व विजेता टीम में शामिल रहे हैं मगर बतौर खिलाड़ी। अब आईपीएल में वह दोनों 'विश्व विजेता कप्तानों' के कप्तान होंगे। यही कारण है कि नजरें हार्दिक पांड्या पर भी रहेंगी कि वह कैसे इन दो दिग्गजों समेत बाकी सदस्यों के साथ तालमेल बैठाते हैं। बहरहाल भले ही एमआई के पास स्टार खिलाड़ियों की भरमार है मगर टीम संयोजन के लिहाज से कुछ ऐसे पहलू भी हैं जो आगामी सत्र में उनकी चुनौती को कठिन बना सकते हैं। मुंबई इंडियंस के लिए सबसे बड़ी चिंता अनुभवी भारतीय विकेटकीपर का अभाव है। टीम के पास युवा विकल्प तो हैं, लेकिन बड़े स्तर का अनुभव नहीं है। झारखंड के युवा खिलाड़ी रॉबिन मिंज को भविष्य का प्रतिभाशाली खिलाड़ी माना जाता है, मगर आईपीएल जैसे दबाव वाले टूर्नामेंट में उनके अनुभव की कमी सामने आ सकती है। ऐसे में मुंबई को विकेटकीपिंग के लिए विदेशी खिलाड़ियों पर निर्भर रहना पड़ सकता है। दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकल्टन और उनके हमवतन क्विंटन डी कॉक मुख्य विकल्प हैं। लेकिन यदि विदेशी खिलाड़ी को सिर्फ विकेटकीपिंग के लिए खिलाना पड़े तो टीम संयोजन पर असर पड़ सकता है।



### स्पिन गेंदबाजी में गहराई की कमी

स्पिन विभाग भी मुंबई इंडियंस के लिए चिंता का विषय बन सकता है। टीम के पास न्यूजीलैंड के अनुभवी ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर प्रमुख स्पिन विकल्प के रूप में मौजूद हैं। इसके अलावा अफगानिस्तान के युवा स्पिनर अल्लाह गजन्फर भी कुछ परिस्थितियों में उपयोगी साबित हो सकते हैं। हालांकि समस्या यह है कि टीम के पास ऐसा अनुभवी भारतीय स्पिनर नहीं है जिसे बेझिझक हर मैच में उतारा जा सके। मयंक मार्कंडेय, अथर्व अंकलेकर और मयंक रावत जैसे विकल्प जरूर हैं, लेकिन बड़े मुकाबलों में इनका अनुभव सीमित है।

### स्टार खिलाड़ियों पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता

मुंबई इंडियंस की तीसरी और सबसे चर्चित कमजोरी है कुछ चुनिंदा स्टार खिलाड़ियों पर अत्यधिक निर्भरता। बल्लेबाजी में टीम काफी हद तक रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या के प्रदर्शन पर टिकी रहती है। यदि इनमें से किसी का फॉर्म गिरता है या चोट लगती है तो टीम की लय बिगड़ सकती है। गेंदबाजी में भी स्थिति कुछ ऐसी ही है। डेथ ओवरों में पूरी जिम्मेदारी लगभग जसप्रीत बुमराह के कंधों पर रहती है।


### क्या मुंबई जीत की राह पर लौटेगी?

मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल इतिहास की सबसे सफल टीमों में गिनी जाती हैं। मुंबई इंडियंस ने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब जीतकर अपनी मजबूत पहचान बनाई थी। हालांकि पिछले कुछ सत्रों में टीम अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई और पिछला सत्र प्लेऑफ से बाहर रहकर समाप्त किया। ऐसे में नए सत्र में टीम से बेहतर प्रदर्शन और वापसी की उम्मीद की जा रही है। पिछले सत्र में सूर्यकुमार यादव ने 717 रन बनाकर टीम के लिए सबसे अधिक रन बनाए, जबकि ट्रेंट बोल्ट ने 22 विकेट लेकर गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाई।

इंडियन वेल्स ओपन

# चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन आर्यना पहले खिताब से दो कदम दूर

- सेमीफाइनल में नोस्कोवा से भिड़ेंगी सबालेंका, अल्काराज की टक्कर मेदवेदेव से



एजेंसी। इंडियन वेल्स

चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका आर्यना इंडियन वेल्स ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। अब उनका सामना लिंडा नोस्कोवा से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना का सामना एलेना रायबाकिना से होगा। पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज, यानिक सिनेर, अलेक्जेंडर ज्वेरेव और दानिल मेदवेदेव भी सेमीफाइनल में पहुंच गए। महिला एकल के अन्य मुकाबलों में नौवीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 2022 और 2024 में इंडियन वेल्स की चैंपियन रहीं दूसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटायाअब उनका सामना एलेना रायबाकिना से होगा जिन्होंने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 7-6 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

### लगातार सेट में जीतीं

महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बेलारूस की सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में 19 वर्षीय विक्टोरिया एमबोको को 7-6, 6-4 से शिकस्त देकर इंडियन वेल्स का पहला खिताब जीतने की दौड़ जारी रखी। सबालेंका इंडियन वेल्स में दो बार उपविजेता रह चुकी हैं। दूसरे क्वार्टर में 14वीं वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा ने गैर वरीय ऑस्ट्रेलिया क्वालिफायर की तालिया गिब्सन को 6-2, 4-6, 6-2 से मात दी।


### चैंपियन जैक ड्रेपर चित

पुरुष एकल वर्ग में रूस के दानिल मेदवेदेव ने विवादास्पद अंपायर कॉल का फायदा उठाकर गत चैंपियन जैक ड्रेपर को 6-1, 7-5 से हरा दिया। 11वें वरीय मेदवेदेव का सामना अब कार्लोस अल्काराज से होगा जिन्होंने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में 27वें वरीय ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को 6-3, 6-4, से शिकस्त दी।दूसरा सेमीफाइनल दूसरे वरीय इटली के सिनेर और 11वें वरीय रूस के जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच होगा। सिनेर ने 25वें वरीय अमेरिका के लर्नर टिएन को 6-1, 6-2 से हराया जबकि ज्वेरेव ने 30वीं वरीयता प्राप्त फ्रांस के ऑर्थर फिल्स को 6-2, 6-3 से पराजित करके खिताबी दूरी और कम कर ली।

# द हंड्रेड में खेलते हुए नजर आएंगे अबरार अहमद

एजेंसी। लंदन

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंग्लैंड में खेले जाने वाले द हंड्रेड के लिए सनराइजर्स लीड्स द्वारा पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाज अबरार अहमद को टीम में शामिल किए जाने को लेकर उठे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। सनराइजर्स लीड्स पूरी तरह भारत के मीडिया समूह सन ग्रुप के स्वामित्व में है, जिसका नेतृत्व कलानिधि मारन और उनकी बेटी काव्या मारन करती हैं।



बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इस मामले पर कहा कि उनका अधिकार क्षेत्र केवल इंडियन प्रीमियर लीग तक सीमित है और अन्य लीग में उनका कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, ्हमारा क्षेत्र केवल IPL तक सीमित है।

### नीलामी में काव्या मारन भी थी मौजूद

पहले दुनिया की बड़ी टी-20 लीगों में भारतीय टीम मालिक पाकिस्तानी खिलाड़ियों को अपनी टीम में लेने से बचते रहे हैं। अबरार को सनराइजर्स ने 1.90 लाख पाउंड (करीब 2.34 करोड़ रुपये) में खरीदा है, जिससे भारतीय फैंस नाराजगी जता रहे हैं। टीम के मुख्य कोच डेनियल विटोरी और टीम की मालिक काव्या नीलामी के दौरान मौजूद थीं।

### नीलामी में पाकिस्तान के 13 खिलाड़ी थे शामिल

नीलामी में पाकिस्तान के 13 खिलाड़ियों को शामिल किया जाना था, लेकिन 24 घंटे पहले शाहीन शाह अफरीदी ने अपना नाम वापस ले लिया। हारिस रऊफ, सैम अयूब और शादाब खान को कोई खरीदार नहीं मिला। अबरार के अलावा उस्मान तारिक को टीम मिल गई। उस्मान को बर्मिंघम फीनिक्स ने खरीदा, जो वार्विकशायर काउंटी क्रिकेट क्लब और अमेरिकी निवेश कंपनी नाइटहेड कैपिटल मैनेजमेंट के संयुक्त स्वामित्व में है।

# केम्प एफसी की नजरें मजबूत शुरुआत पर

एजेंसी। बेंगलुरु

कर्नाटक का केम्प फुटबॉल क्लब 25 मार्च को कोलकाता की सुरुचि संघा एफसी के खिलाफ 'इंडियन वुमैंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2' में अपने अभियान का आगाज करेगा। बेंगलुरु स्थित इस टीम का गठन सिर्फ चार साल पहले हुआ था। केम्प एफसी कर्नाटक के महिला फुटबॉल जगत की सबसे होनहार टीमों में से एक बनकर उभरी है। लगभग 80 प्रतिशत की प्रभावशाली जीत दर और 120 से अधिक युवा खिलाड़ियों के लिए सुनियोजित विकास योजना के साथ क्लब का लक्ष्य अब आईडब्ल्यूएल 2 में शीर्ष पर पहुंचना है।

# पोल वॉल्ट में डुप्लांटिस ने 15वीं बार तोड़ा विश्व रिकॉर्ड


- 6.17 मी. के साथ पहली बार फरवरी 2020 में रिकॉर्ड बनाया था
- 04 बार सबसे ज्यादा 2025 में तोड़ा अपना ही विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी। स्टॉकहोम

पोल वाल्ट में विश्व रिकॉर्डधारी अर्मांड डुप्लांटिस की बादशाहत बरकरार है। उन्होंने अपनी उपलब्धि में एक बार फिर सुधार किया है। स्वीडन के डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट में अपने ही विश्व रिकॉर्ड में एक और सेंटीमीटर जोड़ते हुए 6.31 मीटर की ऊंचाई पार कर ली है।

### पहले प्रयास में पार किया

गुरुवार देर रात को उप्साला में आयोजित 'मोंडो क्लासिक' (वर्ल्ड एथलेटि इंडोर टूर सिल्वर मीटिंग का हिस्सा) में यह उपलब्धि हासिल की। 26 वर्षीय मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने 5.65 मीटर की ऊंचाई से शुरुआत की और फिर 5.90 मीटर और 6.08 मीटर की ऊंचाई भी अपने पहले ही प्रयास में पार करके जीत पक्की कर ली। इसके बाद उन्होंने बार (बाधा) को 6.31 मीटर तक ऊपर उठाया और उसे भी पहले ही प्रयास में पार कर लिया।



नॉर्वे के सोंड्रे गुटोरमसेन 6.00 मीटर की ऊंचाई के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिकी खिलाड़ी जैचरी ब्रैडफोर्ड 5.90 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।यह 15वीं बार था जब डुप्लांटिस ने विश्व रिकॉर्ड में सुधार किया है।

## बॉलीवुड



# हॉरर फिल्म का हिस्सा बनेंगे अभिषेक बच्चन

अभिनेता अभिषेक बच्चन ने अपने फिल्म करियर में एक्शन, कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर कई फिल्में की हैं। अब पहली बार उन्हें किसी भूतिया, यानी हॉरर शैली की फिल्म में तड़का लगाते हुए देखा जाएगा। इस तरह की फिल्म का हिस्सा बनना न सिर्फ अभिनेता के लिए बिल्कुल अलग अनुभव होगा, बल्कि फैंस के लिए भी काफी रोमांचक साबित होगा। बताया जाता है कि मशहूर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने फिल्म को बनाने की जिम्मेदारी उठाई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अभिषेक और सिद्धार्थ लोककथाओं पर आधारित एक हॉरर-थ्रिलर फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं, जिसका शीर्षक तय होना बाकी है।

इसकी कहानी पिता-पुत्री के भावनात्मक रिश्ते पर केंद्रित होगी। फिल्म का निर्माण सिद्धार्थ की मार्फ्लिक्स बैनर के तले किया जाएगा जो बड़े पैमाने पर निर्मित और विजुअल इफेक्ट्स से भरपूर होगी। निर्माताओं का मकसद अधिकतर इस शैली की भारतीय फिल्मों से हटकर दर्शकों को एक अनूठा थिएटर अनुभव प्रदान करना है।




रिपोर्ट के मुताबिक, सिद्धार्थ की योजना फिल्म को एक गंभीर और डरावने स्तर पर बनाने की है। वह चाहते हैं कि दर्शक सिनेमाघरों में फिर से उस 'शुद्ध डर' का अनुभव हासिल कर सकें जो हालिया कुछ साल में सिर्फ हॉरर-कॉमेडी तक सीमित रह गया है। फिल्म की शूटिंग इसी साल सितंबर महीने से शुरू होने की उम्मीद है। फिलहाल, सिद्धार्थ आगामी फिल्म 'किंग' में व्यस्त चल रहे हैं जिसमें शाहरुख खान मुख्य किरदार में हैं।

# रिलीज से पहले ही 'धुरंधर 2' की धुआंधार कमाई



रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर 2: द रिवेंज' अपनी अग्रिम टिकट बिक्री में जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। भारत में फिल्म के विशेष प्रदर्शनों के लिए टिकटों की तेजी से बिक्री हो रही है, वहीं अमेरिका और कनाडा में भी यह फिल्म कमाई के नए रिकॉर्ड बना रही है। इन सबके चलते फिल्म ने रिलीज से पहले ही दुनिया भर में लगभग 60 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, 13 मार्च की सुबह तक भारत में फिल्म के विशेष प्रदर्शनों के लिए लगभग 4.7 लाख टिकट बिक चुके हैं। इससे फिल्म की कमाई 24.4 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। माना जा रहा है कि यह किसी भारतीय फिल्म का अब तक का सबसे बड़ा विशेष प्रदर्शन बनने जा रहा है और यह पवन कल्याण की फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' द्वारा बनाए गए करीब 25 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ सकती है। फिल्म विदेशों में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, उत्तरी अमेरिका में पहले दिन के लिए लगभग 27.7 करोड़ रुपये की कमाई दर्ज की जा चुकी है। इनमें केवल प्रीमियर शो के लिए करीब 9.24 करोड़ रुपये की अग्रिम टिकट बिक्री शामिल है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 19 मार्च 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। अग्रिम टिकट बिक्री के आंकड़े देखकर माना जा रहा है कि फिल्म रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाका कर सकती है।

## 19 जून को रिलीज होगी फिल्म 'कॉकटेल 2'



शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन की तिकड़ी वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में खबर आई थी कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और प्रशंसक इसकी पहली झलक का इंतजार कर रहे थे। इस बीच निर्माता मैडॉक फिल्म्स ने फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट साझा किया है। निर्माताओं ने बताया है कि फिल्म की पहली झलक रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' के साथ सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी। निर्माताओं ने फिल्म से जुड़ी शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन की तस्वीरें भी साझा की हैं। तस्वीरों के साथ लिखा गया है कि अधिक जानकारी के लिए दर्शक बुधवार, 18 मार्च को सिनेमाघरों में जाएं। दरअसल, 18 मार्च को रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' का विशेष प्रदर्शन रखा गया है और उसी दिन 'कॉकटेल 2' का पहला आधिकारिक टीज़र जारी किया जाएगा। फिल्म की आधिकारिक रिलीज़ तारीख 19 जून 2026 तय की गई है।

# इसी महीने घर पर देखने को मिलेगी 'बॉर्डर 2'



सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी जैसे कलाकारों से सजी युद्ध-आधारित फिल्म 'बॉर्डर 2' अपनी डिजिटल प्रस्तुति को लेकर चर्चा में है।

अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी यह फिल्म जनवरी 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध की सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जे. पी. दत्ता और निधि दत्ता ने मिलकर किया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'बॉर्डर 2' की डिजिटल प्रस्तुति 20 मार्च 2026 को नेटफ्लिक्स पर की जा सकती है।

हालांकि निर्माताओं की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। सिनेमाघरों में फिल्म ने भारत में लगभग 328 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की, जबकि दुनिया भर में इसका कारोबार करीब 449 करोड़ रुपये रहा। यह फिल्म जे. पी. दत्ता की 1997 में आई प्रसिद्ध फिल्म 'बॉर्डर' का अगला भाग है। सनी देओल ने इसमें मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी की भूमिका में वापसी की है। वरुण धवन ने बसंतर की लड़ाई में शहीद परमवीर चक्र विजेता मेजर होशियार सिंह दहिया की भूमिका निभाई है, जबकि दिलजीत दोसांझ भारतीय वायुसेना के परमवीर चक्र विजेता अधिकारी निर्मल जीत सिंह सेखों के किरदार में नजर आते हैं। वहीं अहान शेट्टी फिल्म में भारतीय नौसेना के अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं।



# पश्चिम एशिया में संघर्ष, एक्शन में सरकार

- अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने में जुटी सरकार
- 170 भारतीय जमीन के रास्ते ईरान से आर्मेनिया पहुंचे
- अब तक तीन भारतीयों की मौत, एक लापता, चार घायल
- फारस की खाड़ी में भारतीय के 24 जहाज, 677 नाविक सवार
- ओमान की खाड़ी में तीन भारतीय जहाजों पर 76 नाविक तैनात

एजेंसी । नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल-अमेरिका के बीच बढ़ता तनाव भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इस संघर्ष में भारतीय नागरिकों के हताहत होने की खबरों और बमबारी की घटनाओं ने सरकार को सतर्क कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंजीत जायसवाल ने स्थिति पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार तेजी से बदलती परिस्थितियों पर बारीकी से नजर रख रही है और अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।



## प्रधानमंत्री की ईरान के राष्ट्रपति से बातचीत

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, प्रधानमंत्री ने हाल ही में ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन से फोन पर बातचीत की। इस वार्ता के दौरान, प्रधानमंत्री ने ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को लेकर भारत की प्राथमिकताओं पर जोर दिया। उन्होंने ऊर्जा और सामग्री के पारगमन के महत्व को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की और भारत के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि इस मुद्दे को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से जल्द से जल्द सुलझाया जाना चाहिए।
शिपिंग मंत्रालय के अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने खाड़ी क्षेत्र में भारतीय जहाजों और नाविकों की स्थिति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एलपीजी वाहक जहाजों को प्रमुख बंदरगाहों पर प्राथमिकता से बर्थिंग दी जा रही है। वर्तमान संकट और खाड़ी क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर, दुर्भाग्यवश, भारतीय नाविकों से जुड़े तीन हताहतों की सूचना मिली है, जिनमें से एक नाविक अभी भी लापता है।

## द्विपक्षीय और ब्रिक्स मुद्दों पर चर्चा

विदेश मंत्री ने भी ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से बातचीत की। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय मुद्दों के साथ-साथ ब्रिक्स से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। यह दर्शाता है कि भारत इस क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने और अपने हितों की रक्षा के लिए सभी संभावित कूटनीतिक माध्यमों का उपयोग कर रहा है।

## ईरान से भारतीयों की वापसी

ईरान से बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक सुरक्षित लौट रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में, जिसमें आज का दिन भी शामिल है, 170 भारतीय नागरिकों ने आर्मेनिया के रास्ते भूमि सीमा पार की है। इनमें से कई भारत लौट आए हैं और बाकी आने वाले दिनों में वाणिज्यिक उड़ानों के माध्यम से भारत वापस आ जाएंगे।

## मस्कट और बसरा में हुई घटनाएं

विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (खाड़ी) असीम महाजन ने मस्कट के सोहर शहर में हुई एक घटना का उल्लेख किया, जिसमें दो भारतीय नागरिकों की मृत्यु हो गई और 11 घायल हो गए, जिनमें से 10 भारतीय थे। घायलों में से पांच को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि पांच स्थानीय अस्पतालों में भर्ती हैं। किसी भी गंभीर चोट की सूचना नहीं है। इसके अतिरिक्त, इराक के बसरा के पास एक जहाज 'सेफसी विष्णु' पर हुए हमले के संबंध में जानकारी दी गई। जहाज के 15 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और वे बसरा के एक होटल में ठहरे हुए हैं। मृत भारतीय नागरिक के पार्थिव शरीर को वापस लाने और शेष 15 नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के प्रयास जारी हैं।

# ईरान भारतीय जहाजों को रास्ता देने को राजी!

## राजदूत ने दिया दोस्ती का वास्ता

**नई दिल्ली।** फारस की खाड़ी में बढ़ते तनाव और समुद्री सुरक्षा चिंताओं के बीच ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने भारत को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित मार्ग मिलने का संकेत दिया है। यह जलडमरूमध्य एक अहम वैश्विक शिपिंग मार्ग है। राजदूत ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि भारत के लिए इस रणनीतिक जलमार्ग तक पहुंच सुनिश्चित करने वाले घटनाक्रम जल्द ही सामने आ सकते हैं। फतहाली ने कहा कि भारत को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित मार्ग मिलेगा, क्योंकि भारत उनका मित्र है। उन्होंने यह भी कहा कि यह घटनाक्रम दो या तीन घंटे के भीतर देखा जा सकता है। ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब क्षेत्र में जारी संघर्ष के कारण फारस की खाड़ी को वैश्विक बाजारों से जोड़ने वाले इस संकरे गलियारे से शिपिंग गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## भारत और ईरान के साझा हित



राजदूत ने भारत को ईरान का अहम साझेदार बताया। उन्होंने दोनों देशों के बीच क्षेत्र में साझा हितों की ओर भी इशारा किया। फतहाली ने कहा कि ईरान और भारत के क्षेत्र में समान हित हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि दोनों देश एक-दूसरे के साथ मिलकर काम कर सकते हैं।

## लंबे समय से चले आ रहे संबंध

राजदूत ने नई दिल्ली और तेहरान के बीच व्यापक संबंधों पर भी बात की। उन्होंने इसे मित्रता और सहयोग पर आधारित संबंध बताया। फतहाली ने कहा कि ईरान और भारत मित्र हैं तथा उनके साझा हित और साझा विश्वास हैं। उन्होंने मुश्किल समय में ईरान के लिए भारत के समर्थन का भी जिक्र किया। राजदूत ने कहा कि भारत सरकार ने युद्ध के बाद की स्थिति में विभिन्न क्षेत्रों में उनकी मदद की है।



# ... तो आप चाहते हैं सुप्रीम कोर्ट पूरा देश चलाएं- सीजेआई

## व्यापक सुरक्षा दिशानिर्देश वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सड़कों, पुलों और बिजली के तारों के रखरखाव के जरिए लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक दिशानिर्देश जारी करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि यह याचिका "शॉपिंग मॉल" जैसी है, जिसमें हर तरह की राहत की मांग की गई है।मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि ऐसा लगता है जैसे वे चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट पूरे देश को चलाए। अदालत ने कहा कि याचिका में सड़क के गड्ढों से लेकर पुलिस इमारतों, पुलों और अधूरे अंडरपास तक कई तरह के मुद्दे शामिल किए गए हैं। पीठ ने कहा कि ऐसे व्यापक निर्देश जारी करना लगभग नामुमकिन है, जिनका क्रियान्वयन और प्रबंधन करना मुश्किल हो। अदालत ने स्पष्ट किया कि जब तक याचिका में उठाए गए मुद्दे स्पष्ट और विशिष्ट नहीं होंगे, तब तक इस तरह के आदेश देना संभव नहीं है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता को संबंधित उच्च न्यायालय में जाने की छूट दी। अदालत ने कहा कि इस तरह के मामलों में राज्यों की वित्तीय स्थिति और स्थानीय परिस्थितियों को समझने के लिए हाईकोर्ट अधिक उपयुक्त मंच हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गोलियां रखने पर पुलिसकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज

**विलियमनगर।** मेघालय पुलिस के एक कर्मी के खिलाफ पूर्वी गारो हिल्स जिले की विलियमनगर मस्जिद परिसर में गोलियां रखने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक एसए रिनजाह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि विलियमनगर मस्जिद परिसर में छलावरण वाली वर्दी और चार गोलियां मिली हैं। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि जिला कार्यकारी बल का एक पुलिसकर्मी मस्जिद परिसर में ही किराए के आवास में रह रहा था। वर्तमान में वह अवकाश पर है और अपना निजी सामान छोड़कर गया था। इसमें चार जिंदा करातूस भी मिले, जबकि छुट्टी के दौरान गोला-बारूद को पुलिस शस्त्रागार में जमा करना होता है।

### शिक्षक भर्ती मामले में 20 गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 में आउटस्टैंडिंग खिलाड़ी कोटे के तहत नौकरी पाने के लिए फर्जी ताइक्वांडो प्रमाण पत्र लगाने के मामले में पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 19 अभ्यर्थी शामिल हैं।पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि गुरुवार को राजस्थान के 14 जिलों और हरियाणा के एक स्थान पर छापेमारी कर आरोपियों को हिरासत में लिया गया। बाद में उन्हें जयपुर स्थित एसओजी कार्यालय लाकर गिरफ्तार किया गया है।जांच में सामने आया कि कुछ अभ्यर्थियों के खेल प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए ताइक्वांडो फेडरेशन के नाम से ई-मेल भेजे गए थे। इन ई-मेल के स्क्रीनशॉट शिक्षा विभाग को दिए गए थे।




# महुआ मोइत्रा केस में सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस किया जारी

## दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के एक हिस्से पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़े कथित कैश-फॉर-क्वेरी घोटाले के मामले में अहम आदेश दिया। अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के 19 दिसंबर 2025 के फैसले के एक हिस्से पर फिलहाल रोक लगा दी है। यह वही हिस्सा था जिसमें लोकपाल से कहा गया था कि वह एक महीने के भीतर सीबीआई को चार्जशीट दाखिल करने की मंजूरी देने पर दोबारा विचार करे।
मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस मामले में महुआ मोइत्रा, सीबीआई और शिकायतकर्ता भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को नोटिस जारी किया है। यह याचिका लोकपाल ने दायर की थी, जिसमें दिल्ली हाईकोर्ट की उस व्याख्या को चुनौती दी गई है जिसमें कहा गया था कि लोकपाल कानून के तहत चार्जशीट दाखिल करने और अभियोजन चलाने के लिए अलग-अलग मंजूरी का प्रावधान नहीं है।

## मामले में अब आगे क्या?

अब सुप्रीम कोर्ट इस बात की गहराई से जांच करेगा कि लोकपाल कानून के तहत जांच एजेंसियों को चार्जशीट और अभियोजन के लिए किस तरह की मंजूरी जरूरी है। इस फैसले का असर सिर्फ इस केस पर ही नहीं, बल्कि भविष्य में लोकपाल से जुड़े कई मामलों की प्रक्रिया पर भी पड़ सकता है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने रद्द की थी लोकपाल की मंजूरी



दरअसल, 19 दिसंबर 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकपाल द्वारा दी गई उस मंजूरी को रद्द कर दिया था, जिसके आधार पर सीबीआई महुआ मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना चाहती थी। हाईकोर्ट का कहना था कि लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के तहत मंजूरी एक ही बार में दी जाती है, यानी चार्जशीट और अभियोजन के लिए अलग-अलग अनुमति का प्रावधान नहीं है।लोकपाल ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुनवाई के दौरान अदालत में यह सवाल उठा कि क्या जांच एजेंसी को पहले चार्जशीट दाखिल करने और बाद में मुकदमा चलाने के लिए अलग-अलग मंजूरी की जरूरत होती है या नहीं। अदालत ने कहा कि कानून की इन धाराओं की सही व्याख्या करना जरूरी है और इसके लिए लोकपाल कानून, भ्रष्टाचार निवारण कानून और नई आपराधिक प्रक्रिया (BNSS) को साथ-साथ समझना होगा। यह पूरा मामला उस आरोप से जुड़ा है कि महुआ मोइत्रा ने एक कारोबारी दर्शन हिरानंदानी से पैसे और महंगे उपहार लेकर संसद में सवाल पूछे थे। सीबीआई ने मार्च 2024 में इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी और बाद में अपनी जांच रिपोर्ट लोकपाल को सौंप दी थी। आरोप यह भी है कि मोइत्रा ने अपने लोकसभा लॉग-इन क्रेडेंशियल्स भी साझा किए थे, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सवाल उठे।

**शोध** जापान स्थित त्सुकुबा विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने किया दावा

# थकान मिटाने के लिए पीजिए गैस वाला पानी

एजेंसी । टोक्यो

ऑफिस में काम करते हुए थकान महसूस कर रहे हैं या एकाग्रता की कमी लग रही है, तो कॉफी या एनर्जी ड्रिंक्स की जरूरत नहीं है। गैस वाली पानी (स्पार्कलिंग वॉटर) इस समस्या को दूर कर सकता है।जापान के त्सुकुबा विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने दावा किया है कि स्पार्कलिंग वॉटर मानसिक थकान को कम करने और सतर्कता बढ़ाने का एक सुरक्षित और प्राकृतिक तरीका हो सकता है।



## एनर्जी ड्रिंक से बेहतर

अध्ययन के मुताबिक, कॉफी और एनर्जी ड्रिंक्स में मौजूद कैफीन और चीनी कम समय के लिए तो ऊर्जा देते हैं, लेकिन इनकी लत लग सकती है और सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।इसके विपरीत, स्पार्कलिंग वॉटर में न तो चीनी होती है और न ही कैफीन।

## रिसर्च में क्या मिला?

वैज्ञानिकों ने गेम खेलने वाले लोगों पर एक प्रयोग किया। उन्होंने पाया कि जो लोग गेम के दौरान गैल और बुलबुलों वाला पानी पी रहे थे, उन्हें सादा पानी पीने वालों की तुलना में कम थकान महसूस हुई। इसके साथ ही, वे खेल में बेहतर प्रदर्शन कर रहे थे और कम गलतियां कर रहे थे। विशेषज्ञों का कहना है कि स्पार्कलिंग वॉटर में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड मुंह के संवेदी रिसेप्टर्स को सक्रिय कर देती है, जिससे मस्तिष्क अधिक एक्टिव हो जाता है।